कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 349, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 17 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मुझे धर्म का फायदा नहीं उठाना: राहुल गांधी

## 'मैं सभी धर्मों के साथ हूं, मुझे धर्म का फायदा नहीं उठाना, मैं उसमें इंट्रेस्टेड नहीं हूं, मुझे मेरे धर्म को शर्ट पर पहनने की जरूरत नहीं'

**कोहिमा**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि 'छोटे राज्य' से होने के बावजूद नगालैंड के लोगों को देश के अन्य लोगों के बराबर महसूस करना चाहिए। अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान कोहिमा के एक रैली को संबोधित करते राहुल गांधी ने कहा कि मार्च का विचार 'लोगों को न्याय देना' और 'राजनीति, समाज और आर्थिक संरचना को सभी के लिए अधिक समान और सुलभ बनाना' है। गांधी ने कोहिमा युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और उन लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

**कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप एक छोटा राज्य**
राहुल गांधी ने आगे कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप एक छोटा राज्य हैं; आपको देश के अन्य सभी लोगों के समान महसूस करना चाहिए। यही तो 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का विचार है। 14 जनवरी को मणिपुर से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकले राहुल गांधी सोमवार शाम नगालैंड पहुंचे। हाई स्कूल जंक्शन में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले 'विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं को एक साथ लाने' के विचार के साथ दक्षिण भारत से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' आयोजित की थी।



### बिहार में चार दिन तक 425 किमी और 7 जिलों को कवर किया जाएगा

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा एक दिन के लिए मणिपुर में रहेगी। इसके बाद यह नगालैंड में प्रवेश करेगी और दो दिनों में 257 किमी और 5 जिलों को कवर करेगी और आठ दिनों में असम में 833 किमी और 17 जिलों को कवर करेगी।

इसके बाद यात्रा एक-एक दिन के लिए अरुणाचल प्रदेश और मेघालय जाएगी। रूट मैप के मुताबिक, यात्रा पश्चिम बंगाल में पांच दिनों तक चलेगी, जिसमें 523 किमी और सात जिले शामिल होंगे। बिहार में चार दिन तक 425 किमी और 7 जिलों को कवर किया जाएगा। इसके बाद झारखंड में यात्रा आठ दिन में 804 किमी और 13 जिलों को कवर करेगी।

### 'विपक्षी गठबंधन आम चुनाव में भाजपा को देगा मात'

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान नागालैंड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में हैं।

सभी सहयोगी दल आपस में बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल सीट बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा की जा रही है, मुझे लगता है कि जल्द ही आप लोगों को एक अच्छी खबर मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है, इसका समाधान जल्द निकाला जाएगा।



**इंडिया गठबंधन में कोई नाराजगी नहीं: राहुल गांधी**
नीतीश कुमार की नाराजगी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कोई भी नाराज नहीं है, मीडिया इससे जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रही है। मीडिया बैठक के गठबंधन का भाईचारा नहीं दिखाता है। एक मुद्दा उठाकर मीडिया इसे बड़ा मुद्दा बना देती है। गौरतलब है कि राहुल गांधी का यह बयान उस समय आया जब इंडिया गठबंदन में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर कई दौर की बैठकें हो रही हैं। राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम जीत हासिल करेंगे। 2024 के आम चुनाव में हम भाजपा को करारी शिकस्त देंगे।

**'भारत के विचार के लिए बहुत केंद्रीय'**
गांधी ने आगे कहा कि इस बार पार्टी ने उत्तर-पूर्व से एक और यात्रा शुरू करने का फैसला किया क्योंकि यह क्षेत्र 'भारत के विचार के लिए बहुत केंद्रीय' है। उन्होंने कहा कि 'हमने मणिपुर से शुरूआत की और अब नगालैंड पार कर रहे हैं। यह एक प्यारा अनुभव है। आप सभी के स्नेह के लिए धन्यवाद, जय हिंद।' बता दें कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 6,713 किलोमीटर की दूरी और 100 लोकसभा क्षेत्रों को कवर करेगी और इसका समापन महाराष्ट्र के मुंबई में होने वाला है।

### मैं धर्म के सिद्धांतों से अपनी जिंदगी जीने की कोशिश करता हूं: राहुल



**राम लला प्राण** प्रतिष्ठा समारोह पर राहुल गांधी ने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रम बन गया है। हिन्दू धर्म के प्रमुख लोगों (शंकराचार्य) तक ने कहा है कि यह धार्मिक कार्यक्रम नहीं है। वहीं, राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपना स्टैंड स्पष्ट करते हुए कहा कि वे राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में नहीं जा रहे हैं।

**'मुझे धर्म का फायदा नहीं उठाना'**
इसके पीछे की वजह बताते हुए राहुल गांधी ने कहा, "22 जनवरी का कार्यक्रम राजनीतिक कार्यक्रम है। हम सभी धर्मों के साथ हैं। मुझे धर्म का फायदा नहीं उठाना। मैं उसमें इंट्रेस्टेड नहीं हूं। मुझे मेरे धर्म को शर्ट पर पहनने की जरूरत नहीं है। हालांकि, जो भी वहां जाना चाहता है, वो जा सकता है। लेकिन हम उस दिन वहां नहीं जाएंगे। हमारी पार्टी से भी कोई वहां जा सकता है। लेकिन हम राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं जाएंगे।" कांग्रेस नेता ने कहा कि यही कारण है कि कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने निमंत्रण अस्वीकार कर दिया। साथ ही राहुल गांधी का कहना था कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी व्यक्ति, जो भी दर्शन के लिए जाना चाहता है, वो जा सकता है। राहुल गांधी ने आगे कहा, "जो मेरी सोच है वह यह है कि जो सचमुच में धर्म को मानता है वह धर्म के साथ निजी रिश्ता रखता हूं। मैं धर्म के सिद्धांतों से अपनी जिंदगी जीने की कोशिश करता हूं। लोगों के साथ ठीक से बर्ताव करता हूं, उनकी इज्जत रखता हूं।'

### रामलला की मूर्ति बनाने वाले योगीराज के परिवार में खुशियों की लहर

**मैसूर**
मैसूर स्थित अरुण योगीराज का परिवार अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट की घोषणा के बाद खुश है कि उनके द्वारा बनाई गई 'रामलला' की मूर्ति को उत्तर प्रदेश के भव्य मंदिर में स्थापना के लिए चुनी गई है। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को अयोध्या में कहा कि नई मूर्ति में भगवान को पांच साल के लड़के के रूप में खड़ी मुद्रा में दशार्या गए हैं और कहा कि इसे 18 जनवरी को 'गर्भगृह' में 'आसन' पर रखा जाएगा।

**'हमारा पूरा परिवार खुश है'**
योगीराज की मां सरस्वती ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि उनके बेटे द्वारा बनाई गई मूर्ति को चुना गया है। उन्होंने कहा, "जब से हमें खबर मिली है कि अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई मूर्ति को स्थापना के लिए चुना गया है, हम बेहद खुश हैं, हमारा पूरा परिवार खुश है।" उन्होंने कहा, "योगीराज ने सुबह मुझसे बात की और कहा कि उनकी मूर्ति का चयन कर लिया गया है। यह वास्तव में हमारे लिए एक शुभ संक्रांति थी।" मूर्ति के बारे में बोलते हुए, सरस्वती ने कहा कि किसी ने भी भगवान राम को नहीं देखा था, लेकिन भगवान ने स्वयं उनके बेटे को पत्थर से एक आकृति बनाने की अंतर्दृष्टि दी थी। उन्होंने कहा, "शायद भगवान ने ही उन्हें अपनी मूर्ति तराशने का आशीर्वाद दिया था।"

### 'मुख्तार अंसारी की कड़ी सुरक्षा के बावजूद हो सकती है अनहोनी'

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्रशासन को गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के साथ कोई अप्रत्याशित स्थिति नहीं होने देने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध जारी रखने को कहा है। हालांकि सभी कदम उठाए जाने के बावजूद अनहोनी हो सकती हैं। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद अंसारी की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े चार्ट का भी अवलोकन किया है। जस्टिस हृषिकेश राय और प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने मुख्तार अंसारी की सुरक्षा व्यवस्था पर सुनवाई के दौरान सुरक्षा को पर्याप्त रूप से विकट माना।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लेपाक्षी में भगवान की पूजा-अर्चना करते हुए।

### पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश में नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि हमारी सरकार के पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, जिस देश में दशकों तक गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते रहे, उस देश में सिर्फ 9 वर्ष में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि एनएसीआईएन का यह नया परिसर सुशासन के लिए नए आयाम बनाएगा और भारत में व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कर प्रणाली में बहुत बड़े सुधार किए, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड कर संग्रह हुआ है। उन्होंने कहा, पहले देश में भांति-भांति की टैक्स व्यवस्थाएं थीं, जो सामान्य नागरिक को जल्दी समझ में नहीं आती थीं। पारदर्शिता के अभाव में ईमानदार करदाता को, व्यापार से जुड़े लोगों को परेशान किया जाता था। हमने जीएसटी के रूप में देश को एक आधुनिक व्यवस्था दी। उन्होंने आगे कहा, सरकार ने आयकर प्रणाली को भी आसान बनाया।




### माल्या-नीरव मोदी-संजय भंडारी को लंदन से लाने की तैयारी



**नई दिल्ली**
भारत सरकार के भगोड़े अपराधियों को लंदन से लाने की तैयारी कर रही है। इसमें बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या, हीरा व्यवसायी नीरव मोदी और आर्म्स डीलर संजय भंडारी शामिल हैं। इन्हें लाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम लंदन जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के सीनियर अफसरों की टीम और ब्रिटेन स्थित भारतीय हाईकमीशन के बीच लंदन में मीटिंग शेड्यूल्ड है। इस मीटिंग में ब्रिटेन के अफसर भी शामिल होंगे। इसमें भारत के अधिकारी ये जानकारी जुटाएंगे कि इन भगोड़े अपराधियों ने लंदन और अन्य देशों में कौन सी प्रॉपर्टीज में पैसा लगाया और कहां-कहां ट्रांजैक्शन किया।

भारत और ब्रिटेन के बीच आपस में जानकारियां साझा करने के लिए म्यूचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी है। इसी संधि के तहत भगोड़े आर्थिक अपराधियों को लेकर दूसरे देश से इन्फॉर्मेशन हासिल की जाती है।

**अभी माल्या, नीरव और भंडारी का मौजूदा स्टेटस**
विजय माल्या, नीरव मोदी और संजय भंडारी को यूके से लाया जाना है। तीनों ही खुद को भारत भेजने से रोकने के लिए लंदन के कोर्ट में अपील कर चुके हैं। ईडी तीनों की भारत में प्रॉपर्टीज अटैच कर चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विजय माल्या और नीरव मोदी की हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति को बेचकर पैसा भी वसूला गया है और इसे बैंकों को वापस भी कर दिया गया है।

### 'राजीव गांधी पीएम थे तभी हो गया था राम मंदिर का शिलान्यास': शरद पवार

**पुणे**
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के लिए 'शिलान्यास' तब किया गया था जब राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। कर्नाटक के निपानी में एक पब्लिक बैठक में बोलते हुए दिग्गज नेता शरद पवार ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह किया जाएगा। पवार ने कहा, "राजीव गांधी के कार्यकाल में शिलान्यास (पहला पत्थर रखना) किया गया था,

लेकिन आज भाजपा और आरएसएस भगवान राम के नाम पर राजनीति कर रहे हैं।"



**पीएम मोदी गरीबी खत्म करने के लिए उपवास करते तो...**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिष्ठा समारोह से पहले 11 दिन के उपवास पर जाने पर शरद पवार ने कहा, "मैं राम में उनकी आस्था का सम्मान करता हूं, लेकिन अगर उन्होंने गरीबी खत्म करने के लिए उपवास करने का फैसला किया होता तो लोग इसकी सराहना करते।"

### महाराष्ट्र के स्पीकर और उद्धव ठाकरे के बीच जुबानी जंग

**मुंबई**
उद्धव गुट की तरफ से शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली याचिका को खारिज करने के बाद महाराष्ट्र स्पीकर नार्वेकर और उद्धव ठाकरे के बीच जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही हैं। उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र के स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। मैं राहुल नार्वेकर और सीएम एकनाथ शिंदे को चुनौती देता हूं कि वे लोगों के सामने आएं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं इस लड़ाई को जनता की अदालत में ले जा रहा हूं। उन्होंने सवाल किया यदि वह शिवसेना प्रमुख नहीं थे, तो भाजपा ने लोकसभा चुनाव के बाद 2014 और 2019 में उनसे समर्थन क्यों मांगा।

## जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना का आज होगा उद्घाटन

**पुरी (ओडिशा)**
ओडिशा के पुरी के भगवान जगन्नाथ मंदिर में 'श्री मंदिर परिक्रमा' का उद्घाटन 17 जनवरी यानि कल को होने वाला है। इसे जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर के रूप में भी जाना जाता है। यह परियोजना ओडिशा ब्रिज एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (ओबीसीसी) द्वारा पूरी की गई। उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए देशभर के 90 मंदिरों और संस्थानों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन के बाद यह कॉरिडोर आम जनता के लिए खुला रहेगा। यह कॉरिडोर 3,700 करोड़ रुपये की लागत से बना है। इसमें श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन भवन, श्री मंदिर स्वागत केंद्र, जगन्नाथ सांस्कृतिक केंद्र, समुद्र तट विकास, पुरी झील, नदी पुनरुद्धार योजना जैसी उप-योजनाएं शामिल हैं। परियोजना में पार्किंग स्थान, श्री सेतु (एक पुल), तीर्थस्थल केंद्र, तीर्थयात्रियों की आवाजाही के लिए एक नई सड़क, शौचालय, क्लॉक रूम, विद्युत कार्य और बहुत कुछ जैसी विभिन्न सुविधाएं शामिल हैं। बफर जोन और पैदल यात्री क्षेत्र का भी निर्माण किया गया है। श्री मंदिर परिक्रमा परियोजना (एसएमपीपी) में मंदिर के चारों ओर परिक्रमा (घड़ी की दिशा में परिक्रमा) के लिए सात मीटर का हरा बफर जोन और 10 मीटर का पैदल यात्री आंतरिक परिक्रमा क्षेत्र शामिल है।



**आधुनिक तीर्थ केंद्र:** इस परियोजना का लक्ष्य 12वीं शताब्दी के जगन्नाथ मंदिर के चारों ओर आयताकार गलियारे, सामान स्क्रीनिंग, क्लॉक रूम, पीने के पानी की सुविधाओं आदि के साथ एक आधुनिक तीर्थ केंद्र में बदलना है।

**चार साल पहले मुख्यमंत्री ने लिया था संकल्प**
पुरी शहर में तीन मई 2019 को चक्रवाती तूफान ने जमकर तबाही मचाई थी। च्रकवाती तूफान के चपेट में आने से इस शहर को काफी नुकसान हुआ था। इसमें कई घर उजड़ गए थे। हजारों लोगों के साथ-साथ अन्य पशु-पक्षियों की भी मौत हुई थी। ऐसे संकट के समय में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पुरी के लोगों की हरसंभव मदद की और उनकी उम्मीद बनकर खड़े हुए। अपने पुरी दौरे पर जाते समय मुख्यमंत्री गहन चिंतन में थे। तभी उन्होंने भगवान की तस्वीर वाला एक होर्डिंग देखा, तो हाथ जोड़कर प्रार्थना की। इसके बाद वह श्री मंदिर पहुंचे तो उन्हें मंदिर के परिवेश की दयनीय स्थिति देखकर दुख हुआ।

मंदिर के चारों ओर संकरे रास्ते थे। रास्तों के दोनों ओर कूड़े के ढेर से आने वाली दुर्गंध असहनीय थी। इसी समय उन्होंने इस 12वीं सदी के विश्व प्रसिद्ध मंदिर का पूरी तरह से कायापलट करने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री की यही महत्वाकांक्षी परियोजना अब एक विशाल, बहुरंगी पेड़ के रूप में विकसित हो गई है। जिसे 'श्रीमंदिर हेरिटेज कॉरिडोर प्रोजेक्ट' कहा जाता है। साथ ही मुख्यमंत्री स्वयं इसे प्रभु की इच्छा मानते हैं।'

# भीषण ठंड और कोहरे के बीच चोरों ने खंगाला मकान

## कपड़ौरा में नगदी, जेवरात समेत सवा लाख की चोरी

अखंड भारत संदेश



**बारा।** भीषण ठंड व कोहरे के बीच बीती रात चोरों ने एक मकान को खंगाल डाला। चोरी की यह घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के कपड़ौरा गांव की है। जहां से चोरों ने एक लाख रुपये के जेवरात, दस हजार रुपये नगदी समेत अन्य कीमती सामानों पर हाथ साफ किया है। चोरी की जानकारी होने पर मामले की सूचना पुलिस को दी गई। छानबीन के दौरान घर से चुराए गए कुछ सामानों की पैकिंग व कपड़े इत्यादि घर से कुछ दूरी पर पाए गए हैं। कपड़ौरा के रहने वाले जगदंबा प्रसाद पुत्र अश्विनी कुमार ने बताया कि बीती रात चोरों ने उनके मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की जानकारी आज सुबह हुई तो घरवालों के होश फाख्ता हो गए। कई बक्सों व आलमारी का ताला टूटा हुआ मिला। घर से ही कुछ दूरी पर चुराए गए सामान भी बरामद हुए। मामले की सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। लोगों का कहना है कि बीती रात ही शंकरगढ़ के एसओ मनोज कुमार सिंह का तबादला हुआ और उसी रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। फिलहाल, शंकरगढ़ पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## फेसबुकिया प्रेमी को घर में रंगे हाथ पकड़ कर परिजनों ने जमकर पीटा

### सुल्तानपुर जिले से आया फेसबुकिया प्रेमी के हजामत की चर्चा रही

**मऊआइमा।** एक घर की बीस वर्षीय लड़की का फेसबुक पर एक युवक से प्रेम हो गया। मामला इतना नजदीक हो गया कि युवक मिलने के लिए लडकी के घर में रात के समय घुस गया। जहां परिजनों की आंख खुल गयी और फेसबुकिया प्रेमी को पीट कर इश्क का सारा भूत उतार दिए। युवक के हाथ पैर जोडने पर लोकलाज के भय से छोड दिया गया। उक्त घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एख गांव की एक युवती जिसकी उम्र लगभग बीस वर्ष बताई जाती है। उक्त युवती का सुल्तानपुर जिले के एक युवक से प्रेम प्रसंग चलने लगा। मामला कई महिनों तक चलने के बाद युवक सुल्तानपुर से मऊआइमा उक्त गांव में युवती से मिलने आ गया।बताते हैं कि युवती शाम को ही एक कमरे में छिपा दी।जब परिजन सो गए तो युवक को कमरे से निकाली।बताते हैं कि परिजनों में से किसी सदस्य की आंख खुल गई वह चोर चोर कह कर शोर मचा दिए। जिसपर बेटी के आशिक की जमकर धुलाई हो गई। परिजनों को जब सच्चाई पता चला तो युवक को मान सम्मान के लिए उसके घर भेज दिया गया। उक्त घटना को लेकर गांव में चर्चा व्याप्त है।

# ठंड से ग्रामीण ठिठुरे प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं

### अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग

कौंधियारा

**बारा।** तहसील के अंतर्गत विकास खण्ड जसरा क्षेत्र के जारी बाजार जो की बड़ी आबादी वाला क्षेत्र है जहां कई धार्मिक स्थल भी है ।यहां पर भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। और जारी गांव, पहाड़ी रोड, करछना रोड, रीवा रोड में बने बस अड्डे , नहर चौराहो स्टैंडो पर आदि बाजार के प्रमुख स्थानों पर ठंड से बचने के लिए अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। गलन अपने चरम सीमा पर है।

बता दें कि इन दिनों ठंड एवं गलन बहुत अधिक है किंतु प्रशासन द्वारा इससे बचने के लिए कोई अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी है । गांव गिराव से राहगीर कांपते हुए देखे गए हैं टाटा स्टैंडो पर गाड़ियों के इंतजार में घण्टो ठिठुरते हुए खड़े रहते हैं, अलाव की कोई व्यवस्था न होने से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है तथा वर्तमान सरकार को काफी कोसते हुए नजर आते हैं। वहीं दूसरी तरफ जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। ठंड से बचने हेतु क्षेत्रीय बाजारों में गर्म कपड़ों को खरीदने हेतु दुकानों पर लोगों की काफी भीड़ दिखाई देती है। जारी कस्बे के कृपानाथ तिवारी, मनोज कुमार (मुरारी) केसरवानी, मुन्ना केसरवानी



कल्याण जी केसरवानी, बृजेश कुमार, कपूर चंद्र अग्रहरि, राकेश अग्रहरी, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश (मन्नी), ओम बाबू केसरवानी, आदि लोगों ने शासन प्रशासन का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए अलाव जलाने की मांग की है।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा का जिला कार्यसमिति की बैंठक संपन्न




**करछना।** प्रयागराज करछना विकास खण्ड में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने मिशन 2024का आगाज बुलंद करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं और एतिहासिक उपलब्धियों के बल पर आगामी लोकसभा चुनाव में यमुनापार में कमल का फूल खिलाना है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा की योजनाओं के बारे में जन-जन तक पहुचाना ही प्राथमिकता है। उन्होने जिला व मण्डल के पदाधिकारियों को सौंपी गई उत्तरदायित्व के बारे में भी बताते हुए तन मन से कार्य करने को कहा।बैठक में भारत माता की जय, बंदे मातरम, जय श्री राम की जय और पिछड़ा मोर्चा की नारे गुंजायमान होते रहे। सभी पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे। बैठक में मुख्य रूप से आशीष सिंह पटेल जिला संयोजक, विनोद विश्वकर्मा, अनिल कुमार यादव, राजेश विश्वकर्मा, पटेल जिलाउपाध्यक्ष और सभी जिला व मण्डल अध्यक्ष व सैंकड़ो की संख्या में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विहिप खंड जंघई के नगर अध्यक्ष बने विक्की जायसवाल

**जंघई।** विश्व हिन्दू परिषद प्रतापपुर के खंड जंघई का अध्यक्ष विक्की जायसवाल पुत्र छेदीलाल जायसवाल को बनाया गया है। जिला मंत्री गंगापार विश्व हिन्दू परिषद विनेक त्रिपाठी, विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड प्रतापपुर अध्यक्ष अशोक दुबे, सत्संग प्रमुख विहिप प्रखंड प्रतापपुर आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक किशन पाठक प्रखंड मंत्री प्रतापपुर एवं आयुष जायसवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की उपस्थिति में विक्की जायसवाल को खंड जंघई का नगर अध्यक्ष, संजय को उपाध्यक्ष, सुमित को संयोजक, अवधेश को सह संयोजक बनाया गया है।

### पाक्सो के आरोपी को मेजा पुलिस ने भेजा जेल

**मेजा।** मेजा पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी जेवनिया ब्रिजेश तिवारी ने पुलिस सिपाहियों के साथ पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त ब्रह्म प्रताप सिंह उर्फ बादल सिंह पुत्र लालमणि सिंह निवासी बिसेनपुर थाना मेजा मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि उसे ऊंचडीह बाजार के पास थाना क्षेत्र मेजा से गिरफ्तार किया गया और नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# मांडा पशु अस्पताल में कीट सामग्री नदारत, पशु पालक परेशान

## विकास खण्ड में पांच गौशाला, एक पशु चिकित्सक, राम भरोसे पशु अस्पताल



अखंड भारत संदेश

**मांडा।** विकास खण्ड मुख्यालय मांडा से सटा व थाने के सामने मौजूद सरकारी पशु अस्पताल में इलाज के लिए एक ही पशु चिकित्सक तैनात होने के कारण पशु पालकों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। वहीं भाजपा सरकार द्वारा मांडा विकास खण्ड मुख्यालय अन्तर्गत पांच गौशाला खोला गया है। मौसम के फेर बदल से पशुओं में तरह तरह की बीमारियां होने पर पशु पालक इलाज के लिए सरकारी सुविधाओ से वंचित हो जाते है और पशुओं की इलाज के लिए पशु पालक झोला छाप डॉक्टरों की शरण में जा कर अपने पशुओं से हाथ धो बैठते हैं । कड़ाके की ठंड में कमजोर पशु व बीमारी से ग्रसित इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। पशु अस्पताल में एक ही डॉक्टर 69 ग्राम पंचायतो के पशुओं की आंख मिचौली बनकर रह जाते है। पशु पालको ने जिम्मेदार अधिकारियो एवं सरकार को दोषी ठहराते हुए मांडा पशु अस्पताल में इलाज के लिए उचित डोक्टरों की मांग की हैं।

### डॉक्टर ने व्यवस्था की खोली पोल :

रविवार को मांडा पशु चिकित्सक प्रदीप कुमार मिश्रा ने एक बछड़े के बच्चे को हर्निया का इलाज के दौरान बताया कि मांडा पशु अस्पताल में इलाज के लिए कीट नहीं है। बताया कि जब डॉक्टरों का औजार व दवा ही नहीं है तो बहुत अनुभवी डॉक्टर हो लेकिन पशुओ के लिए इलाज में नाकाम साबित होते हैं। उन्होंने बताया कि अपने पैसे से खरीद कर उक्त बछड़े का इलाज कर रहा हूं।

**पशु चिकितसक डॉ. प्रदीप कुमार मिश्रा**



# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पुलिस कर्मियों और आर पीएफ ने किया फ्लैग मार्च

**मऊआइमा।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर मऊआइमा पुलिसकर्मियों और आर पी एफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। मंगलवार को मऊआइमा कस्बा के विभिन्न मोहल्लों नुक्कड़,चौराहों आदि पर आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर मऊआइमा पुलिसकर्मियों और आर पी एफ इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सघन मार्च कर यह संदेश दिए कि किसी भी प्रकार की कोई भी अफवाहों पर ध्यान न देकर अमन शान्ति बनाए रखें ।तथा कोई बात हो तो पुलिस को सूचित करें ।किसी भी प्रकार की अनहोनी पर पुलिस सख्त कानूनी कार्यवाही करेगी।

# तबादला होने पर कस्बा वासियों ने गले लगाकर दी विदाई

### एसओ मनोज कुमार सिंह का क्राइम ब्रांच में हुआ तबादला, एसएसआई अश्विनी कुमार ने संभाली शंकरगढ़ थाने की कमान



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के थानाध्यक्ष रहे मनोज कुमार सिंह को पूरी गर्मजोशी के साथ मंगलवार को विदाई दी गई। शंकरगढ़वासियों के द्वारा आयोजित विदाई कार्यक्रम में लोगों ने उनके कार्यकाल को याद किया। मनोज कुमार सिंह का तबादला क्राइम ब्रांच में किया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल के लिए एसएसआई अश्विनी कुमार को शंकरगढ़ थाने का चार्ज सौंपा गया है। बतौर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने 22 महीने तक शंकरगढ़ थाने की कमान संभाली। 15 जनवरी की रात उनके क्राइम ब्रांच में तबादले का आदेश शंकरगढ़ थाने पहुंचा। मंगलवार को सुबह एसओ शंकरगढ़ के यहां से जाने की सूचना कस्बे में पहुंची तो तमाम लोग विदाई देने के लिए शंकरगढ़ थाने पहुंच गए। क्षेत्र की जनता के बीच अपने मिलनसार स्वभाव और जुझारू प्रवृत्ति के चलते एसओ महोदय ने लोगों के बीच अपनी एक अलग ही जगह बना ली थी। अपराधियों में भी मनोज कुमार सिंह के नाम का खौफ था। थाने में मनोज कुमार सिंह को विदाई देने वालों में गोपाल दास गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, महामंत्री रतन केसरवानी, शिक्षक बृजेश सिंह, शेर सिंह,मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, सुजीत केसरवानी, गुड्डा मिश्रा,सुरेश केसरवानी, रामबाबू सिंह, उमा वर्मा, नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया, जय केसरवानी, अजय केसरवानी, राजू केसरवानी, दिवाकर सिंह, राजेश कुमार, मुकेश पाठक समेत पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## न्यूज झरोखा

### विधायक प्रतिनिधि ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**कौंधियारा!** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को विकासखंड कौंधियारा के पवरी, करमा विधायक प्रतिनिधि दिनेश प्रजापति व सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पाण्डेय व भाजपा वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद मिश्र (बबुआन) बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक प्रतिनिधि दिनेश प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाएं देश के कोने-कोने में हर वर्ग के पास पहुंच रही है। यह योजनाएं प्रत्येक युवाओं और महिला शक्ति दोनों को ही सशक्त कर रही है। सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जन-जन के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है,जिसका लोग पात्रता के आधार पर लाभ उठा रहे हैं,कार्यक्रम के दौरान पवरी व करमा के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत बाल विकास परियोजना अधिकारी सुषमा सिंह द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सचिव आदित्य यादव, प्रधान कौसलेश यादव, और करमा सचिव राजू मिश्रा ग्राम प्रधान श्रीमति मिथिलेश जयसवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

### विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम में पात्रों को दिया गया प्रमाण पत्र



**सहसों।** विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम सभा वारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को डिजिटल पर्दा के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को दिखाया व बताया गया। मुख्य अतिथि भाजपा गंगापार के वरिष्ठ नेता एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास एवं किसान सम्मान निधि आदि के पात्रों को प्रमाण पत्र देते उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर लोग लाभान्वित हों। उपस्थित लोगों को मुख्य अतिथि द्वारा विकसित भारत के लिए संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज, मंडल उपाध्यक्ष संतोष सिंह, अमन सिंह राजपूत, राजेश कुमार सरोज, नंद लाल भारतीय आदि मौजूद रहे।

### सहसों में केक काटकर बसपा सुप्रीमो का मनाया गया जन्मदिन



**सहसों।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन सहसों में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बामसेफ के जिला संयोजक राममिलन गौतम ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गरीबों व दलितों की मसीहा हैं। उनका जन्मदिन जन कल्याणकारी के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील किया कि सभी कार्यकर्ता उनके जन्मदिन पर संगठित होकर ग्रामीण स्तर पर जरूरतमंद लोगों की मदद करते हुए उन्हें संगठन से जोड़े जिससे पार्टी मजबूत हो। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर उर्मिला राव ने किया। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक एवं प्रभारी फूलपुर बामसेफ संगीता पाल, शैलेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, दीपचंद सरल, आरती राव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में शोभा यात्रा निकाली गई



**कोरांव।** मंगलवार को आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड कोरांव द्वारा श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में विशाल बाइक शोभा यात्रा बड़ोखर के कालीकन धाम से प्रारंभ होकर देवघाट होते हुए कोरांव नगर भ्रमण करते हुएजी कोरांव तहसील के परिसर में समापन हुआ जिसमें प्रमुख रूप से जिला प्रचारक आलोक जी, यात्रा आयोजक कोरांव खंड संयोजक अरुण कुमार चतुवेर्दी (पिन्टू चौबे) संघ प्रान्त मंत्री भोला सिंह पटेल जी , खण्ड कार्यवाह अजय जी, खंड सह संघ संचालक संजय जी, नरेंद्र सिंह पटेल जी,देवराज मिश्र जी, अवध कुमार जी, राजेश मिश्रा जी धनंजय शुक्ला , आशीष पांडे,दीनदयाल तिवारी, पुष्पराज शुक्ल, व सैकड़ों कार्यकर्ता और आम जन मानस शामिल हुए।

### सतगुरु महाराज ट्रस्ट के द्वारा नेत्र एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर मे भाजपा नेता शंकर लाल केसरी के आवास पर श्री सतगुरु महाराज विशाल नेत्र एवं स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सतगुरु महाराज चित्रकूट के डाक्टरों द्वारा नेत्र प्रशिक्षण किया किया गया। समाज सेवी भाजपा नेता ने बताया कि 400 सौ मरीज को देखा गया। जिसमे 160 मरीज को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। कैंप में आये हुए विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा आँख की जांच कर मोतियाबिंद के 110 मरीजों को ऑपरेश के लिए निशुल्क चित्रकूट के लिए ले गए। शिविर में पहुँचे लाभवार्थी ने दवा और चश्मा पाकर समाजसेवी भाजपा नेता शंकर लाल केशरी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# मत्स्य जीवी सहकारी समिति बैठक सम्पन्न, 11 कार्य कारिणी व 40 सहयोगी सदस्यों का हुआ चयन



**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत मंगलवार को खुरमा ग्राम पंचायत में कोसड़ा कला व महुआरी कला ग्राम पंचायतो की मत्स्य निरीक्षक प्रयागराज विजय प्रकाश शुक्ला के आदेशानुसार नई समिति जय निषाद राज मछुआ कल्याण मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड की प्रथम बैठक की गई। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल नारायण केवट ने किया ।जिसमें कार्यकारिणी के 11 सदस्यों और साथ ही 40 सहयोगी सदस्यों का चयनित किया गया । मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक में प्रधान समर बहादुर बिंद, सुरवा दलापुर प्रधान डॉ.सत्य नारायण पटेल, साड़ी प्रधान संजय कुमार यादव, भाई लाल बिंद व निषाद पार्टी के उप जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ निषाद , प्रधान चौकी बगहा गोपीचंद निषाद , पूर्व प्रधान दारा सिंह पासी पूर्वक कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख डॉ. राम इकबाल बिंद , राम आसरे निषाद, समरजीत निषाद ,अमरनाथ आदिवासी, रमाशंकर आदिवासी ,देवेंद्र निषाद ,विजय शंकर ,जफरा गांव से चंदन कोल, राम नारायण निषाद, भवानीपुर गांव से हैदर अली ,त्रिवेणी प्रसाद बिंद ,कृष्ण प्रसाद , कमलचंद , महेंद्र कुमार निषाद ,राम किशोर निषाद, पंचम लाल बिंद ,लाल जी बिंद,पंचम प्रजापति , भागीरथी बिंद, बावनदास बिंद ,प्राणनाथ बिंद, बिंद्रप्रसाद निषाद ,रमाकांत निषाद आदि उपस्थित रहे।

# विकसित संकल्प यात्रा का उद्देश्य जरूरत मंदो को योजनाओं का लाभ मिले : श्वेता रंजन निषाद

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज मंगलवार को क्षेत्र के श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का अयोजन हुआ ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि? करछना विधायक पियूष रंजन निषाद पत्नी श्वेता रंजन निषाद ने संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी की योजनाएं देश के कोने-कोने में सभी वर्ग के पास पहुंच रही है ।यह योजनाएं प्रत्येक युवाओं और महिला शक्ति दोनों को ही सशक्त कर रही है ।उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जन-जन के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है,जिसका लोग पात्रता के आधार पर लाभ भी उठा रहे हैं ।कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किया गया ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख कौंधियारा इन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के निर्धन,बेबस,लाचार को मिले इसका प्रयास सरकार द्वारा किया गया है ।उन्होंने कहा कि मोदी जी के गारंटी वाली गाड़ी आम जनमानस के जीवन में परिवर्तन और समृद्धि के लिए जगह जगह पहुंच रही है ।कार्यक्रम में पात्र लोगों को सूचीबद्ध किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डा अर्जुन प्रसाद कुशवाहा एवं संचालन जगतपाल ने किया ।कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेंद्र मिश्र बबुआन, प्रधान संघ उपाध्यक्ष विकास खंड करछना सुरेश पांडेय प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत पुरैनी,अनिल पटेल प्रमुख चाका, प्रधान अकोढा मनोज कुशवाहा, समाजसेवी समर बहादुर सिंह, सचिव अमानउल्लाह, जिला पंचायत सदस्य राजेश कनौजिया, विनयेन्द्र प्रताप सिंह,अरुण कुमार कुशवाहा, अशोक पटेल, एडीओ समाज कल्याण सीमा पाल, पंचायत सहायिका रूबी सिंह, आयशा, रणधीर सिंह,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ 2025 के आयोजन के दृष्टिगत अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के आयोजन के दृष्टिगत प्रयागराज नगर एवं मेला के आस-पास के क्षेत्रों में स्थायी एवं अस्थायी परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु शीर्ष समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं/कार्यों में से जल निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही चार परियोजनाओं का निरीक्षण आज मेला अधिकारी, कुंभ मेला, विजय किरन आनंद द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीवरेज रिट्रक्ट-जी नैनी हेतु 100 के0एल0डी0 क्षमता के फीकल स्लज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के निर्माण कार्य को देखा। तत्पश्चात मेला क्षेत्र से आच्छादित 45 एम०एल०डी० अलोपीबाग इन्टरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन (आई0पी0एस0) की क्षमता को 80 एम०एल०डी० किए जाने हेतु कराए जा रहे कार्यों तथा अलोपीबाग आई०पी०एस० की मरम्मत के कार्यों का निरीक्षण किया। दोनों ही जगह कार्यों की प्रगति पर्ट चार्ट के अनुसार धीमी पाए जाने पर उनमें तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में पूर्व में डाली गयी सीवर लाईन के मैनहोल एवं हाउस कनेक्टिंग चैम्बर के छतिग्रत ढक्कनों को बदलने के कार्य तथा सीवर मैनहोल को सडक के लेवल पर आवश्यकतानुसार रखने हेतु लोअरिंग/रेजिंग के कार्य एवं क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को बदलने के कार्यों का भी निरीक्षण किया। लोगों को इन परियोजनाओं से अपेक्षित लाभ मिल रहा है तथा डाली गई सीवर लाइन की कहीं भी डुप्लीकेसी तो नहीं हो रही यह सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मेला अधिकारी ने टीपीआईए को मैनहोल की मरम्मत, क्षतिग्रस्त घर कनेक्टिंग चैंबर के प्रतिस्थापन तथा ढहाने के कार्यों में एस ओ पी का अनुपालन किया जा रहा है इसकी जांच करते हुए इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मेला अधिकारी ने नगर निगम के सीवरेज डिस्ट्रिक्ट-ई में स्थित नेहरू पार्क ड्रेन एंव यादवपुर ड्रेन के इण्टरसेप्शन एंव डायवर्जन के कार्यों को भी देखा। यादवपुर ड्रेन के इण्टरसेप्शन एंव डायवर्जन के कार्यों के संबंध में उन्होंने टीपीआईए को 660 मीटर के कुल दायरे में से लगभग 400 मीटर के निष्पादित कार्य की निगरानी करने तथा वहां पर भी कार्यों में एस ओ पी का अनुपालन हो रहा है या नहीं इस संबंध में भी एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## नवोदय में चयन परीक्षा हेतु आन लाइन प्रवेश पत्र उपलब्ध

**मेजा।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 के लिए प्रवेश पत्र ऑनलाइन उपलब्ध है। उक्त आशय की जानकारी संस्था कि प्राचार्या श्रीमती सुधा सेठी ने देते हुए बताया कि परीक्षा आगामी 20 जनवरी 2024 को प्रातः 11:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक होगी।प्रवेश पत्र के लिए किसी भी इण्टरनेट सुविधायुक्त कंप्युटर या मोबाइल द्वारा अभ्यर्थी का रजि० न० डालकर डाउनलोड किया जा सकता है। संस्था की प्राचार्या सुधा सेठी ने बताया कि प्रवेश पत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी साफ्ट कॉपी में उपलब्ध करा दिया गया है। समस्त अभ्यर्थी परीक्षा तिथि को परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रवेश पत्र अपने कक्षा 5वी के प्रधानाध्यापक - प्रधानाचार्य से हस्ताक्षर एवं मुंहर कराकर एक फोटोयुक्त पहचान पत्र आधार कार्ड या विद्यालय के पहचान पत्र के साथ अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचेंगे। प्रवेश पत्र एवं मूल प्रति पहचान पत्र उपलब्ध न होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

# नैनी जेल भेजा गया ददुआ का करीबी राधे

## 33 साल पहले दोहरे हत्याकांड में था शामिल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** डकैत ददुआ का सबसे करीबी रहा राधे दोहरे हत्याकांड के 33 साल बाद आखिरकार गिरफ्तार हो गया है। उसे चित्रकूट रंगौली जेल से प्रयागराज के नैनी जेल में भेज दिया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद वारंट होने पर उसकी गिरफ्तारी हुई है। वह लगातार फरार चल रहा था।चित्रकूट पुलिस ने राधे उर्फ सूबेदार को उसके शीतलपुर, थाना बहिल पुरवा स्थित उसके घर से ही यह गिरफ्तारी की है। 33 साल बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिल गया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष के वकील के रूप में अंजनी कुमार मिश्र, अनुराग गौतम, विमल चंद्र मिश्र व शंभूनाथ पांडेय की ओर से बहस की जा रही थी।

**1990 में खेत में सरेआम गोली मारकर की थी हत्या :**

मामला चित्रकूट के उन्नायबन्ना गांव का है। 20 नवंबर 1990 में तत्कालीन प्रधान रामकिशोर मिश्र व उनके दोस्त जमुना प्रसाद उर्फ मुंशी की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था इसमें डकैत ददुआ के दाहिना हाथ कहा जाने वाला राधे व अन्य का नाम आया था। इसमें पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया था जबकि डकैत राधे व रोहिणी समेत पांच लोग फरार चल रहे थे। गिरफ्तार हो चुके सभी लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी बाकी पांचों लोग फरार चल रहे थे, कोर्ट ने उसी समय सभी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया था। करीब तीन माह पहले पीड़ित परिवार इस मामले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा था। कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया तो पुलिस ने राधे को गिरफ्तार कर लिया है।



## हाईकोर्ट समाचार

### अविवाहित बेटी भी गुजारा भत्ता पाने की हकदार हाईकोर्ट ने खारिज की पिता याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अविवाहित बेटियों के पक्ष में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत अविवाहित बेटी भी गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। वह चाहे किसी भी धर्म, आयु और रोजगार से जुड़ी हो। यह फैसला न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा की अदालत ने एक पिता की ओर से देवरिया की निचली अदालत द्वारा पहली पत्नी से जन्मी तीन बेटियों को गुजारा भत्ता दिए जाने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए सुनाया है।याची ने वर्ष 2015 में पहली पत्नी के देहांत के बाद दूसरी शादी कर ली। पहली पत्नी से जन्मी याची की तीन बेटियों ने देवरिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 के तहत अपने पिता से अंतरिम भरण-पोषण देने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि मां की मौत के बाद पिता, सौतेली मां के साथ इन सभी के साथ मारपीट करता है। उन्होंने इनकी पढ़ाई भी रोक दी है। न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में बेटियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए पिता को निर्देशित किया कि वह तीनों बेटियों का को तीन हजार रुपये प्रतिमाह भरण -पोषण प्रदान करें।

**मजिस्ट्रेट के आदेश को पिता ने हाईकोर्ट में दी थी चुनौती** : याची पिता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश को जिला जज की अदालत में चुनौती दी। लेकिन, जिला जज ने पिता की अपील खारिज कर दी। इसके खिलाफ पिता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याची पिता ने दलील दी कि उसकी बेटियां बालिग हैं और स्वस्थ हैं। वह ट्यूशन पढ़ा कर कमाई भी करती हैं। बेटियां उसके साथ रह रही हैं और वह उनका सारा खर्चा वहन कर रहा है। याची ने अपनी उम्र, आर्थिक तंगी और मुस्लिम विधि का भी हवाला देते हुए निचली अदालत द्वारा दिए गए फैसले को रद्द करने की मांग की।

# औद्योगिक क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**अखंड भारत संदेश**

## झाड़ियों में मिला शव परिजनों में कोहराम

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के सड़वा तिराहे के समीप जंगल में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त रहा। वहीं परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस जांच पड़ताल के बाद शव का पंचायत नामा भर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक धूमनगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर झलवा निवासी विष्णु हेला पुत्र हजारी बीते कई वर्षों से औद्योगिक क्षेत्र के सड़वा कला तिराहे के समीप मिजार्पुर प्रयागराज हाईवे के निकट झोपड़ी नुमा घर बनाकर पत्नी दीपा सहित चार बच्चों के साथ रहता है। जबकि वह सफाई का काम करके अपने परिजनों का पालन पोषण करता है। सोमवार शाम लगभग पांच बजे उसके चार बच्चों में तीसरी नंबर का बेटा सूरज हेला (16) घर पर भोजन आदि बनाने के लिए लकड़ी लेने के लिए जंगल की ओर चला गया। जब वह घंटों लौटकर घर पर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता सताने लगी और उसकी हर उस स्थान पर खोजबीन की गई जहां पर उसके मिलने की उम्मीद थी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। रात में ही गायब पुत्र के पिता ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस फोर्स देर रात तक जंगल समेत बंद पड़ी फैक्ट्री के अंदर समेत अन्य कई स्थानों पर खोजबीन किया गया लेकिन उसका कहीं पर भी कोई पता नहीं चला। मंगलवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे एक बार फिर सड़वा पुलिस चौकी प्रभारी चंद्रपाल सिंह के दलबल के साथ सूरज की खोजबीन करने में जुट गए। घर से लगभग 50 मीटर की दूरी स्थित झाड़ियां के बीच सूरज का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि जमीन से कम ऊंचाई पर लटक रहे हाई टेंशन तार की चपेट में आने से गायब किशोर की मौत हो गई। बताते हैं कि उसके हाथ में एक बांस की लकड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि वह तार में छू गया। जिससे वह करेंट की चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त रहा। शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही मृतक के घर पर पहुंचा परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं उसका अंतिम संस्कार लवायन कला के टिकुरी घाट पर किया गया।

# संगठन की मजबूती के लिए हमें ग्राम इकाई को मजबूत करना होगा : राकेश टिकैत

**अखंड भारत संदेश**

## सरकार अपने द्वारा किए गए वादों को भी पूरा नहीं कर पाई, संगठन को बनाए मजबूत



**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन के द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज के परेड ग्राउंड में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन किसान महाकुंभ के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्य के किसानों ने अधिवेशन में हिस्सा लिया और संगठन पर विस्तार से चर्चा की साथ-साथ किसान संबंधित मुद्दों पर गहनता से चर्चा की।राष्ट्रीय अधिवेशन में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत जी ने हिस्सा लिया और संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की रीड की हड्डी ग्राम इकाई होती है हम सभी को मिलकर ग्राम इकाई को मजबूत करना होगा तभी संगठन मजबूत होगा, सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं को सर्वप्रथम उनके जनपदों के अंतर्गत आने वाली ग्राम इकाइयों को मजबूत करना होगा एक सफल संगठन की शुरूआत ग्राम इकाई से ही होती है, वहीं उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के समय किए गए वादों को भी पूरा नहीं किया है जिससे देश का किसान,मजदूर, आदिवासी निराश है ऐसे में एक मजबूत लड़ाई के लिए हम सबको संगठित होकर चलना होगा जिससे आने वाले समय में देश में एक बड़े आंदोलन की शुरूआत की जा सके।चर्चा के सत्र में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा जी, युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, राष्टीय सचिव घनश्याम वर्मा मौजूद रहे। राष्ट्रीय अधिवेशन के तीसरा दिन जिसमें संगठन व देश के आगामी किसान मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा और कुछ मजबूत निर्णय किसान हितों में लिया जाएंगे।

# NQAS : चिकित्सा मानकों को पूरा करने में कल्याण पुर केंद्र को उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान

**अखंड भारत संदेश**

## एचसीएस भदरी सोरांव 77 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर, बीते नवंबर माह में केंद्रीय टीम ने किया था दौरा




**शंकरगढ़।** स्वास्थ्य सेवाओं के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा तय किए गए मानकों को पूरा करने और जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आरोग्य केंद्र कल्यानपुर को 100 में 79 अंक मिले हैं। आठ नवंबर, 23 को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ठदअर) की टीम ने आरोग्य केंद्र कल्याणपुर (शंकरगढ़) का भ्रमण किया था। यहां उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर इस केंद्र को 79 अंक मिले हैं। अपर सचिव एवं केंद्रीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक ने प्रदेश सरकार को भेजे गए पत्र में इसकी जानकारी दी है। इसके साथ ही आरोग्य केंद्र सोरांव (प्रयागराज) को 77 अंक (100 में) मिले हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के दो अन्य केंद्रों को 70 फीसद से अधिक अंक मिले हैं, जिसमें एक रघुवरगंज, मोहम्मदाबाद, गजीपुर को 87 अंक और मशोलिया, कर्नलगंज, गोंडा को 74 अंक मिले हैं। इस तरह कल्याणपुर पूरे प्रदेश में दूसरे पायदान पर है। सीएचसी शंकरगढ़ के अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोग्य केंद्र कल्याणपुर को बेहतर बनाने का लगातार प्रयास जारी है। उन्होंने आरोग्य केंद्र कल्याणपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अभिषेक जायसवाल व उनकी टीम की सराहना की है। उन्होंने उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन और प्रयासों को भी सराहा। अधीक्षक ने कहा, आरोग्य केंद्र कल्यानपुर को इतनी उंचाई पर ले जाने में केंद्र की एएनएम सिंधू सिंह व राखी सचान के साथ समस्त आशा बहनों का महत्वपूर्ण योगदान है। अधीक्षक ने बताया कि किसी भी संस्थान के लिए ठदअर सर्टिफिकेशन प्राप्त करना अपने आप में एक चुनौती है। इस चुनौती के समय में जब सभी लोग मिलकर अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करते हैं तो चुनौती भी आसान हो जाती है। यह इसी भावना और स्वास्थ्य विभाग प्रयागराज के कुशल नेतृत्व का परिणाम है।

## मखरहा, बनपुकरा ग्राम में अयोध्या पूजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्र वितरित

**प्रतापपुर।** हर घर अयोध्या, हर घर राम, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से पूजित अक्षत, राम मंदिर का फोटो एवं 22 जनवरी के बाद अयोध्या दर्शन हेतु आमंत्रण पत्र इस अभियान के तहत अक्षत वितरण गृह संपर्क अभियान के तहत प्रतापपुर प्रखंड के मनूपुर मंडल के मखरहा, बनपुकरा ग्राम में अयोध्या पूजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्र वितरित करते हुए राम मंदिर उद्घाटन के दिन 22 जनवरी को अपने अपने घरों में राम ज्योति जलाकर दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया गया। इस महाभियान के प्रति काफी उत्साह है 500 वर्षों के कठिन संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण संभव हो पाया है, राम मंदिर निर्माण भारत वर्ष की महानतम संस्कृति की पुनः स्थापना है। पूरा देश राममय हो चुका है, 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रभु श्रीराम अपने बालरूप में गर्भगृह में विराजमान होंगे तब इस महान उपलब्धि के सुअवसर पर उसी दिन संध्या को अपने अपने घरों को अयोध्या मानकर प्रभु के स्वागत हेतु दीपावली की तरह सजाएं और भजन का श्रवण कर राममय हो जायें।इस अवसर पर देवेंद्र सिंह जिला बलोपासना प्रमुख बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद प्रतापपुर प्रखंड उपाध्यक्ष सोमेश केसरवानी, प्रखंड संयोजक बृजेश यादव, विनोद मौर्य नेता, आकाश, सुरेंद्र, यशवंत, आशीष, दिशु, अवनीश, कृष्णा, आयुष, अमन एवं अन्य बाल स्वयंसेवक साथ में अक्षत वितरण कार्यक्रम में घर घर संपर्क अभियान में लगे रहे।

# फर्जी लूट की सूचना देने पर सोरांव पुलिस ने तीन अभियुक्त को भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**

## लूट की सूचना पर गंगानगर सहित सोरांव पुलिस दिन भर रही परेशान

**सोरांव।** पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव तथा प्रभारी निरीक्षक सोरांव के कुशल निर्देशन में फर्जी छिनैती की सूचना देने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा लिखकर युवक को जेल भेज दिया।जानकारी के अनुसार सोमवार को समय लगभग चार बजे अरविंद कुमार साहू पुत्र स्व राम चंद्र साहू निवासी ग्राम अलीपुर थाना सोरांव ने 112 पर सूचना दिया कि तुलसीपुर गांव के सामने हाईवे के पास कुछ अज्ञात लोंगो ने दो पहिया गाड़ी से आए और कनपटी पर असलहा सटाकर मुझसे तीन लाख पंचानबे हजार रुपए की छिनैती कर लिए है। सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लूट की सूचना पर काम करना शुरू कर दिया। जिसमें सूचना देने वाले अरविंद कुमार साहू पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र साहू निवासी अलीपुर व प्रियांशु पटेल पुत्र राम बहादुर पटेल निवासी नारायणपुर तथा सुमित वर्मा पुत्र सुरेंद्र वर्मा निवासी खेनानंदपुर सहित दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिए। पुलिस के मुताबिक फर्जी छिनैती की सूचना देने वाला युवक अरविंद कुमार साहू पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र साहू सोरांव क्षेत्र का धान खरीदने का एक छोटा व्यावसाई है। आरोप है कि इन्होंने एक सप्ताह पहले गांव के ही दो युवकों के खाते में धान की बिक्री का पैसा भेजवाया था। तभी सूचनाकर्ता ने अपने एक मित्र प्रियांशु पटेल पुत्र राम बहादुर पटेल निवासी नारायणपुर को जिसके खाते में पैसा भेजा गया था। उससे लेने की बात कही। आरोप है कि वह पैसा निकलवा कर साथियों के साथ जा रहा था। तभी सोरांव थाना क्षेत्र के तुलसीपुर हाईवे के पास छिनैती का अंजाम देने को लेकर पुलिस को सूचना दी गई। जिसमें उच्च अधिकारियों की सूचना पर दिन भर छीनैती की खबर पर सोरांव पुलिस काम कर रही थी। जांच में प्रकरण झूठा होने पर थाना प्रभारी सोरांव सतीश कुमार संग क्षेत्रीय दरोगा रवि कुमार शर्मा, दरोगा बलवंत सिंह,दरोगा उमेश कुमार यादव,हेड कांस्टेबल सुरेंद्र यादव व कांस्टेबल विशाल कुंवर ने सभी आरोपियों को पकड़कर थाने ले आए और विधिक कार्यवाही करते हुए मंगलवार को जेल भेज दिए। छिनैती की झूठी सूचना पर सोरांव पुलिस ने मुकदमा लिखते हुए उक्त तीनों युवकों को जेल भेज दिया।

# राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा को बनाया गया प्राविधिक शिक्षा परिषद परीक्षा का केंद्र

**अखंड भारत संदेश**

## शांतिपूर्ण माहौल में नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराना प्राथमिकता : शैलेन्द्र विक्रम



**मेजा।** प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित विषय सेमेस्टर परीक्षा के मद्देनजर राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा खास को परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। उक्त आशय की जानकारी कालेज के प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम ने देते हुए बताया कि 16 जनवरी से 13 फरवरी तक होने वाली परीक्षा में राजकीय महिला पालीटेक्निक के अतिरिक्त तीन अन्य निजी संस्थानों शिवाजी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नॉलाजी एंड मैनेजमेंट करछना लालबहादुर शास्त्री पालीटेक्निक मांडा तथा प्रयाग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नॉलाजी एंड मैनेजमेंट बेंदौ करछना के कुल 788 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को संपन्न हुई परीक्षा के प्रथम पाली में कुल 201 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए जिसमें 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे इसी प्रकार द्वितीय पाली कुल 129 पंजीकृत परीक्षार्थियों में तीन अनुपस्थित रहे। गौरतलब है कि संपूर्ण परीक्षा के सफल संचालन हेतु कालेज के प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम द्वारा श्रीमती सुनीता कुमारी शाह को केंद्र अधीक्षक एवं धन्नजय कुमार सिंह को सहायक केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया है। कालेज के प्राचार्य के मुताबिक जिलाधिकारी प्रयागराज के आदेशानुसार उक्त परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से मेजा के 16 प्राइमरी अध्यापकों की भी डयूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाई गई है। प्राचार्य ने यह भी बताया कि परीक्षा के प्रथम दिन सचल दस्ता टीम के द्वारा भी केंद्र का निरीक्षण किया गया लेकिन एक भी अनुचित सामग्री परीक्षार्थियों के पास नहीं मिली। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराना ही प्राथमिकता होगी।

# नैनी स्टेशन के बाहर प्रेमी युगल के परिजन भिड़े मारपीट, हंगामा



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थिति नैनी स्टेशन के बाहर सोमवार देर रात प्रेमी युगल के परिजन आपस मे भिड़ गए, दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस सभी को अपने साथ चौकी उठा लाई। घूरपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती अपने रिश्तेदार करछना निवासी एक युवक के साथ गुजरात मे नौकरी कर रही थी। युवती के भाई को जब जानकारी हुई कि वह बिना बताए गुजरात मे रहकर नौकरी कर रही है तो, उसके भाई ने उसे अपने साथ घर ले आने लगा। नैनी रेलवे स्टेशन पर युवती व युवक दोनों के परिजन पहुंच गए। दोनों को एक दूसरे के साथ प्रेम संबंध की जानकारी हुई। जिसके बाद दोनों आपस मे भिड़ गए और मारपीट करने लगे। नैनी कस्बा में मौजूद चौकी प्रभारी उमाशंकर सिंह ने शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंच गए और सभी को चौकी ले आये। जहां दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया।

# स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

## स्मार्ट फोन से हमरे बच्चों एवं बच्चियों को होगी नई तकनीक की जानकारी : गंगा प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**




**मेजा।** मंगलवार को आरबीएस महाविद्यालय में उ०प्र० सरकार के विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने स्नातक के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। जिसमें महाविद्यालय के प्रबन्धक आदित्य प्रकाश शुक्ल, आरबीएस महा विद्यालय के सह टस्टी आर्यन शुक्ल, महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार मिश्र ने स्मार्टफोन वितरित कराते हुये छात्र - छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं दी। गौरतलब है कि महाविद्यालय के उत्तीर्ण छात्र -छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम बीते एक सप्ताह से महाविद्यालय में अनवरत किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छात्रा छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद ने कहा कि स्मार्ट फोन पाकर हमारे बच्चे एवं बच्चियां न सिर्फ आधुनिक तकनीक की बेहतर जानकारी हासिल करेंगे बल्कि वे आत्मनिर्भर बनने का माध्यम भी ढूंढ लेगें। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक आदित्य प्रकाश शुक्ल ने कहा कि आज बच्चे बच्चियां कल के भविष्य हैं स्मार्ट फोन के जरिए इन्हे देश की नई नई जानकारियां प्राप्त होगी और वे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश कुमार त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर शैलेन्द्र जायसवाल, माला जायसवाल, बीरेन्द्र तिवारी, अशोक कुमार शुक्ला, मंगलेश शुक्ल, अरविन्द शुक्ल गौरख शंकर शुक्ल, ललित कान्त पाण्डेय, शरद मौर्य, मनोज कुमार गुप्ता, महेन्द्र कुमार चौरसिया, आशीष द्विवेदी, राहुल मिश्रा. शुभम मिश्रा, बृजेश कुमार शुक्ल, अभिषेक सिंह, रवि केशरी, अभिनेष कुमार सिंह, सुन्तोष, एवं समस्त महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# माता-पिता की सेवा ही परम धर्म है: अपर जिला जज

## माता शांति देवी स्मृति सामाजिक सद्भावना सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** माता शांति देवी सामाजिक सद्भावना समारोह का 13वां आयोजन महुली स्थित रेखा सदन में हुआ। सर्वप्रथम माता शांति देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। समारोह का आयोजन एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निदेशक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने किया। आयोजक श्री रोशनलाल उमरवैश्य ने 461 जरूरतमंद पुरुष, स्त्रियों को कम्बल, स्वेटर, साल आदि भेंट किया। जिले के समाजसेवियों, खिलाड़ियों, प्रबुद्धजनों, साहित्यकारों, अधिकारियों की उपस्थिति रही।

अतिविशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए पूर्व विधायक सदर व प्रदेश अध्यक्ष अपना दल राजकुमार पाल ने कहा कि रोशनलाल उमरवैश्य ने अपनी समाज सेवा से पूरी दुनिया में प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया है।



सद्भावना सम्मान समारोह में मौजूद अतिथिगण।

मुख्य अतिथि के रूप में अपर न्यायिक जज एवं सचिव जिला विधिक प्राधिकरण नीरज बरनवाल ने कहा कि रोशनलाल उमरवैश्य के कार्य अनुकरणीय हैं। विशिष्ट अतिथि राम मंदिर निर्माण हेतु एक करोड रुपए देने वाले सियाराम उमरवैश्य ने कहा कि दूसरों के हित से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। एलआईसी के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि दुखियारों के आंसू पोछना ही मानवता है। अतः सबको पीड़ा मिटाने का कार्य करना चाहिए। माता शांति की स्मृति में समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अपर जिला जज नीरज बरनवाल, अपना दल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, आलोक कुमार सिंह, आर बी सिंह, विश्वनाथ त्रिपाठी, सियाराम उमरवैश्य, नीलमा श्रीवास्तव, डॉक्टर नाजिया खान, अनवर खान, पूनम लता राज, सचिन शुक्ला, दिनेश प्रताप सिंह, डॉक्टर श्याम शंकर शुक्ला, डॉक्टर रंगनाथ त्रिपाठी, रामलाल जायसवाल, ओमप्रकाश त्रिपाठी, विवेक उपाध्याय, मुन्ना तिवारी आदि को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय प्रतापगढ़ के सहायता जागरूकता कार्य भी किए गए और निशुल्क दवा वितरण व जांच आदि भी किया गया। आयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि पूज्य माता शांति देवी की कृपा से ही मैं समाज सेवा कर रहा हूं। अध्यक्षता पूर्व बाल न्यायाधीश व साहित्यकार डॉक्टर दयाराम मौर्य व संचालन शिक्षाविद् राकेश कनौजिया ने किया। इस अवसर पर ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, सत्य प्रकाश केडिया, सुरेश अग्रवाल, सुरेश पांडे नेताजी, रेखा उमरवैश्य, पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रान्ति पर सदर विधायक ने अपने हाथों से राहगीरों को बांटी खिचड़ी

### दीनदयाल उपाध्याय परिसर में स्वयंसेवकों ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय परिसर में सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर आने जाने वालों के लिए खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था की गई। खिचड़ी प्रसाद का वितरण शुभारंभ भगवान राम के पूजन के साथ शुरू हुआ।

सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य एवं वरिष्ठ बीजेपी नेता संतोष मिश्रा ने भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण करके खिचड़ी भोज का शुभारंभ किया। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य एवं संतोष मिश्र ने लोगों को अपने हाथों से खिचड़ी परोस कर खिलाया। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल सामाजिक समरसता आती है बल्कि लोगों में समाज सेवा की भावना भी जागृत होती है। वरिष्ठ बीजेपी नेता संतोष मिश्रा ने कहा कि सनातन धर्म में अन्न दान को महादान की श्रेणी में रखा गया है। अयोध्या प्रयागराज मार्ग से गुजरने वाली बसों पर गंगा स्नान



खिचड़ी भोज का शुभारंभ करते विधायक राजेंद्र मौर्य व वरिष्ठ बीजेपी नेता संतोष मिश्रा।

को जा रहे स्नानार्थी एवं अयोध्या जाने वाले राम भक्त भी प्रसाद प्राप्त किए। तीन घंटे तक चले इस खिचड़ी प्रसाद वितरण के दौरान दीनदयाल उपाध्याय परिसर के कई स्वयंसेवकों ने सहभागिता दी। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य के साथ सहित वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष मिश्रा, सदर विधायक के प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य, पूर्व सभासद श्याम सुंदर टाऊ, सभासद योगेश सिंह, सदर विधायक के मीडिया प्रभारी विजय मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक परितोष मिश्रा के साथ वरिष्ठ पत्रकार रमेश रामनाथ यादव, राज नारायण शुक्ला राजन, राजेंद्र पांडेय, सुनील दुबे, सत्यम मिश्रा,वरिष्ठ छायाकार विनय पाठक, विकास त्रिपाठी, प्रवीण यादव, सुमित मिश्रा, महेंद्र कुमार शर्मा, अरूण ग्रोवर, लिटिल, पिंटू केसरवानी, राय साहब, डॉ जिया हरिकेश प्रजापति आदि सहयोगी की भूमिका में रहे।

## पीएचडी की उपाधि मिलने पर जताया हर्ष

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्थानीय विद्यालय रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी में सहायक अध्यापक वरुण कुमार पटेल ने पी एच डी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्य प्रदेश डॉक्टर निलय गोस्वामी के मार्गदर्शन में डॉक्टर हरिवंश राय बच्चन और उनके गद्य साहित्य का समसामयिक संदर्भ में समग्र अनुशीलन विषय पर शोध कार्य किया जिसके लिए उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई, जिसको लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने सहायक अध्यापक डॉ वरुण कुमार पटेल जी को बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की। उनकी इस उपलब्धि पर माता-पिता एवं परिजन के साथ शुभचिंतकों ने भी बधाई दी कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीडिता की पिटाई को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने मारपीट तथा गालीगलौज व तोडफोड को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर वार्ड निवासी राममनोहर की पत्नी शिवकली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नौ जनवरी को वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। सुबह सात बजे के करीब गांव के स्व. बालेश्वर सरोज की पत्नी सुगना देवी तथा पुत्रियां रोशनी व रेखा एवं अन्तू थाना के घरौली निवासी अशोक सरोज जमीनी विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगे। आरोपियो ने पीडिता के विरोध करने पर उसे लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ब्लाक परिसर में सामूहिक विवाह आज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक परिसर में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह एवं निकाह में जोड़े एक दूसरे का हाथ थामेंगे। सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर लालगंज ब्लाक परिसर में मंगलवार को तैयारियां भी जोरों पर दिखीं। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वान्ह ग्यारह बजे होगा। यह जानकारी खण्ड विकास अधिकारी इन्दुप्रकाश श्रीवास्तव ने दी है।

## जिले में 22 जनवरी को रहेगा सार्वजनिक अवकाश: जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग लखनऊ की विज्ञप्ति के अनुसार अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को रामजन्म भूमि परिसर में बने मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन सुनिश्चित हुआ है, उक्त के दृष्टिगत निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। विज्ञप्ति के क्रम में 22 जनवरी को जनपद प्रतापगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जनपद प्रतापगढ़ की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर एवं भांग की थोक एवं फुटकर विक्री की दुकानों व माडलशाप्स, एफ0एल0-7 बार अनुज्ञापनों, एफ0एल0-16/17 अनुज्ञापनों को आगामी 22 जनवरी 2024 को पूर्णतः बन्द रहेंगी। इस बन्दी के लिये लाइसेंसधारी किसी प्रतिकर या दावे के हकदार नहीं होंगे।

# राम वनगमन पर अब मंदिरों व शौचालयों की सफाई में जुटी नगर पालिका

## सीताराम धाम से सोनावां तक नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान



राम जानकी मंदिर के पास सफाई करते सफाई कर्मचारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर बसे प्रतापगढ़ शहर की सीमा क्षेत्र सीताराम धाम से लेकर चैक, चिलबिला होते हुए सोनावां तक सफाई अभियान की शुरुआत नगर पालिका द्वारा आज प्रारंभ की गई। इस राम वनगमन मार्ग में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने के दिन 22 जनवरी तक नियमित सफाई व प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी जिसमें मंदिरों व सार्वजनिक शौचालयों की सफाई कर चूने का छिड़काव किया जाएगा जिससे राम भक्तों को अयोध्या जाने में कोई असुविधा न हो।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस राम वनगमन मार्ग पर सीताराम धाम से लेकर सोनावां तक को आठ बीटों में बांटा गया है। हर बीट में तीन सफाई कर्मी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा एक पांच सदस्यीय सफाई कर्मियों की सचल टीम भी होगी जो आवश्यकतानुसार कार्य करेगी। इसके अलावा पेयजल के लिये जगह-जगह टैंकर रखे जाएंगे। बताया जाता है कि 22 जनवरी तक सफाई की मुहिम चलाने की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की थी। इसके बाद नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि वह अपनी पूरी टीम के साथ मंदिरों व शौचालयों की सफाई के साथ प्रकाश व्यवस्था व पेयजल के लिये टैंकर खड़े किये जा रहे हैं। बताया जाता है कि यह अभियान अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा तक चलेगा।

# प्रभु श्रीराम की झांकी में गूंजेगा मंगल गीत, श्रद्धालुओं में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर रामभक्तों का उत्साह चरम पर है। मंगलवार को सांगीपुर क्षेत्र के असांव ग्रामसभा में युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं ने सामूहिक श्रीरामोत्सव मनाया जाने का संकल्प लिया।

यहां बैठक के जरिए राम उत्सव की रूपरेखा तैयार की गई। संयोजक कमलेश मिश्रा राजा ने बताया कि शामियाना से श्रीराम की झांकी फूल मालाओं से सजी अद्भुत तरीके से ग्रामसभा के हर घर में पूजन के लिए पहुंचेगी। जहां महिलाओं के मंगल-गीत के साथ वह दूसरे घर प्रवेश करेगी। वहीं आयोजक संतोष शुक्ला का कहना है ग्रामसभा में डीजे की धुन व पीले वस्त्र के साथ युवाओं का भी काफिला श्रीराम के उद्घोष के साथ आगे बढ़ेगा और जगह-जगह भंडारे के रूप में पूड़ी एवं हलुवा का वितरण कर श्रीराम उत्सव प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मनाई जाएगी।

इस मौके पर समाजसेवी आनंदप्रकाश त्रिपाठी, प्रधान उदयराज वर्मा, पूर्व प्रधान रामआसरे पटेल, लालजी मिश्रा, संतोष शुक्ला, अशोक मिश्रा, अंकुश शुक्ला, राधाकांत मिश्रा, मनीष शुक्ला, विवेक मिश्रा, श्रेयांश मिश्रा, अनिल वर्मा, रमेश कुमार, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पेंशनर्स की मासिक बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सेवा निवृत कर्मचारी शिक्षक एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा प्रतापगढ़ की मासिक बैठक कोषागार कार्यालय स्थित पेंशनर हाल में मनोकानिका उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चूंकि अत्यधिक ठंड के फलस्वरूप उपस्थिति बहुत कम रही। इस कारण कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिए गए। केवल विगत 17 दिसंबर 2023 पेंशनर दिवस पर प्रस्तुत प्रत्यावेदनो पर संबंधित विभागों उनका निस्तारण करने हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा भेजे गए परंतु अभी तक विभागो से कोई जवाब नही आया। इस दौरान मकर संक्रांति के अवसर पर तहरी (खिचड़ी) भोज का आयोजन अध्यक्ष मनोकाणिका उपाध्याय की तरफ से किया गया।

## आठ आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी को लेकर क्रास केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आठ आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा जानलेवा धमकी को लेकर क्रास केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पनखरी गांव निवासी भोला नाथ यादव पुत्र रामप्यारे ने पुलिस को दी गई।

तहरीर में कहा है कि बीते वर्ष इक्तीस दिसंबर को रंजिशन गांव के शंकर लाल यादव पुत्र विजय बहादुर तथा रमेश के पुत्र केतन व शंकर के पुत्र वीरेश तथा सरजू प्रसाद के पुत्र उमेश ने उसके दरवाजे पर पहुंचकर गालीगलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने मना किया तो आरोपियो ने लाठी डण्डे से उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने दूसरे पक्ष के विजय बहादुर के पुत्र शंकरलाल यादव की तहरीर पर गांव के रामप्यारे के पुत्र रामबाबू व भोलानाथ तथा रामबाबू के पुत्र अवधेश कुमार व मनीष कुमार के खिलाफ भी मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। पीडित शंकरलाल ने दी गई तहरीर में आरोपियो पर रंजिशन गालीगलौज व लाठी डण्डे से मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज किया गया है। जांच कर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ठंड से कांपे लोग, दिन भर नहीं निकला सूरज

### न्यूनतम तापमान पहुंचा चार डिग्री सेल्सियस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ठंड और शीतलहरी से आज बेल्हा कांप उठा। आज मंगलवार को सुबह कोहरा था, कोहरा छंटा लेकिन सूर्य भगवान के दर्शन दिन भर नहीं हुए। ठंड इतनी कि बिना आग जलाए व कान को ढकने के बावजूद लोग दिन भर ठंड का एहसास करते रहे। इस दौरान सुबह दस बजे तक वाहन चालक लाइट जलाकर कोहरे के कारण धीमी रफ्तार से चलते हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि आज मंगलवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया और अधिकतम तापमान 11 डिग्री रहा। यह इस महीने का सबसे न्यूनतम तापमान है। बता दें कि कई दिनों से शीतलहरी व



सुबह छाये कोहरे के बीच लाइट जलाकर चलते चालक।

ठंड से जीवन अस्त-व्यस्त है। शहर में अलाव जल रहे हैं, लेकिन इस ठंड में इसका कोई असर नहीं दिख रहा है।

सबसे ज्यादा दिक्कत सड़क पर दुकान लगाने वालों, खरीदारों व मजदूरी करने वाले मजदूरों की है, जिन्हें हर रोज कमाकर खाना है। वैसे लोगों का कहना है कि आज सबसे ठंडा दिन इस मौसम का है। स्कूलों में कक्षा-1 से 8 तक में छुट्टी कर दी गई है लेकिन कक्षा-9 से 12 तक के विद्यालयों में आज छात्रों की संख्या बहुत कम रही। बडे. बुजुर्ग आज अपने घरों में ही दुबके रहे। ठंड लगने से अस्पतालों में भी भीड़ बढ़ गई है। जिसे ठंड लग रही है, उसे बुखार कई दिनों तक परेशान कर रहा है। इस नाते भी बहुत सतर्क रहने की जरुरत है।

# लोगों को घर-घर बांटा गया पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक दिया गया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में जिले के अनेक स्थानों पर अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र एवं पत्रक लेकर आमंत्रण स्वरूप एक जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक राम भक्तों ने संपर्क किया।

प्रतापगढ़ के सभी खंडों एवं नगर के बस्तियों में प्रातः काल राम भक्तों ने प्रभात फेरी निकालकर 22 जनवरी 2024 को अपने निकट के मंदिरों में आध्यात्मिक कार्यक्रम करने हेतु भाव जागरण किया। राम भक्त प्रातः काल अपने निकट के मंदिर पर एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का पाठ करने के पश्चात जय श्री राम के उद्घोष के साथ भजन कीर्तन करते हुए ढोल मंजीरा बजाते हुए गांव में नगर की बस्तियों में आम जनमानस में भाव जागृत करते हुए दिनांक 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हम सभी राम भक्त मिलकर अपने निकट के मंदिर में दिन में भजन, कीर्तन, विजय मंत्र का पाठ, सुंदरकांड का पाठ ,हनुमान चालीसा का पाठ एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रमों को संपन्न करेंगे इस बात का संदेश देते हुए आग्रह करते हैं कि इसी दिन सायंकाल अपने-अपने घरों में दीपोत्सव जैसा कार्यक्रम संपन्न करेंगे। आज पूरी दुनिया राम के आदर्शों पर चलने के लिए आतुर है। पूरा समाज यह जानता है कि अगर हमको भाई के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए पिता के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए मां के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए आशय की सीख लेनी है तो हम राम के आदर्शों से ही सीख ले सकते हैं इस प्रकार से राम के आदर्श चरित्र से हम सब अपने शाश्वत मूल्य के आधार पर उत्कृष्ट जीवन को परिलक्षित कर सकते हैं।

इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के जिला सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एवं अभियान के जिला संयोजक राजन ने दिया। अभियान को संपन्न करने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिवप्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, अभियान के जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, जिला सहसंयोजक महेश गुप्ता, अभियान के प्रचार प्रमुख शिवेश शुक्ला, विवेक कुमार, मनीष रावत, जिला प्रचार प्रमुख अंकुर श्रीवास्तव, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री रजनीश, विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री चंदन, सुनील प्रभाकर, बी एल दुबे प्रभात, सीतांशु, अजय कुमार, नीरज कुमार, मुकेश कुमार, राम उजागर, अशोक शर्मा, शिवकुमार सोनी ,डॉक्टर अनूप ,अभय, सतीश, रवीश, पीयूष, रामचंद्र, राजा, विजय सिंह, विजय आदि मौजूद रहे।



मालखाने का निरीक्षण करते पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम।

### पुलिस महानिरीक्षक पहुंचे बेल्हा, पुलिस लाइन व कोतवाली का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज प्रेम गौतम द्वारा पुलिन लाइन प्रतापगढ़ में स्थित महिला थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क आदि के कार्यों की समीक्षा की गई व थाना परिसर में भ्रमणशील रहकर थाने के मूलभूत व्यवस्थाओं/साफ-सफाई को चेक कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके अलावा उन्होंने कोतवाली का भी निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व अन्य अधिकारी थे।

## सरकार की योजनाएं पहुंच रही है आम जन मानस तक: सेनानी

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बरबसपुर

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** केन्द्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं आम जनमानस तक पहुंच रही है। यही नहीं, जिन लोगों को अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ न मिल पाया हो। ऐसे लोगों के लिए सरकार ही गांव आई है। उक्त बातें कुण्डा विधानसभा के बिहार ब्लाक के बरबसपुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं कुण्डा के पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह के बीच कहीं। सेनानी ने आगे कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक



बरबसपुर में आयोजित सभा में बोलते शिव प्रकाश मिश्र सेनानी।

सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। आज ब्लाक के अलावा सभी विभागीय अधिकारी यहां पर आए हैं। आज बड़ी संख्या में प्रधानमन्त्री आवास बन रहे हैं। पहले की सरकारों में बहुत कम आवास आते थे। आज प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि हर गरीब का अपना पक्का मकान हो। प्रधानमन्त्री आवास से सभी को संतृप्त करना है। उज्वला योजना से हमारी माताओं बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन सिलेंडर मिला। आज हमारी बहने निडरता के साथ सड़कों पर निकल रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अजय सोनकर, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन, मंडल अध्यक्ष मोनू शुक्ला, मंडल महामंत्री राघवेंद्र त्रिपाठी, सेक्टर प्रभारी अनिल, सम्मानित ग्रामीणजन, ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान ज्ञान चन्द्र यादव ने की।

## संपादक की कलम से

# अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा देश को विश्व गुरु बनाएगी

अयोध्या में पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार 22 जनवरी 24 के शुभ दिन प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि बन रहे नवीन मंदिर भूतल के घर में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी। इस महान शुभ अवसर पर पूरे देश में आनंद का वातावरण रहेगा और देश के निवासी इस प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भजन कीर्तन, आरती, शंखनाद तथा अपने-अपने निवास पर सहस्त्रदीप प्रज्वलित करेंगे। यह अभूतपूर्व दीपोत्सव होगा। पूरा देश प्रभु राम के उच्चारण से गुंजायमान होगा।

भारत का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक वैदिक इतिहास सदैव प्रबुद्ध तथा गौरवशाली रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है।

## प्राण प्रतिष्ठा ईवेंट: मास्टर स्ट्रोक या बूमरेंग?

– राजेंद्र शर्मा

संघ-भाजपा ने इस आयोजन के लिए आमंत्रण के बहाने, विपक्षी पार्टियों के लिए बड़ी चतुराई से जाल बिछाया था। खेल विपक्ष के सामने 'हां कहें तो मरें और ना करें तो मरें' की दुविधा खड़ी कर देने का था। हालांकि, निमंत्रण देने की शुरूआत मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से की गयी, जिसके इस तरह के आयोजन से दूरी बनाने का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता था।

अब जबकि अयोध्या में राम मंदिर का कथित प्राण प्रतिष्ठा समारोह सिर्फ एक ही हफ्ते दूर रह गया है, इसमें शायद ही किसी संदेह की गुंजाइश रह गयी है कि संघ-भाजपा को वह मुद्दा मिल गया है, जिस पर वे आने वाले आम चुनाव में नरेंद्र मोदी के तीसरी कार्यकाल की वैतरणी पार करने के लिए दांव लगाने जा रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि अपनी तमाम शक्ति तथा संसाधनों को झोंककर, जिसमें जनबल ही नहीं धनबल भी शामिल है और सबसे बढ़कर मीडिया के विभिन्न रूपों पर लगभग पूर्ण नियंत्रण के जरिए, छवि तथा धारणा बनाने की सामर्थ्य शामिल है, उन्होंने अब तक काफी हद तक यह हवा भी बना दी है कि अब तो तमाम हिंदू उनके साथ और खासतौर पर नरेंद्र मोदी के पीछे हैं। अगले आम चुनाव में अब बस मोदी की विजय की औपचारिक घोषणा होना ही बाकी है! ठीक इसी संदर्भ में शंकराचार्यों के और कुछ अन्य प्रमुख धार्मिक आचार्यों के विरोध के स्वरों ने उनके लिए अप्रत्याशित मुश्किल खड़ी कर दी है। बेशक, ऐसा नहीं है कि संघ-भाजपा के मंसूबों पर इन आलोचनाओं का कोई असर पड़ने जा रहा हो या इन आलोचनाओं को देखते हुए वे, 'जो लाए हैं राम को' के अपने दावों से किसी तरह से पीछे हटने जा रहे हों या उनमें कोई कमी करने जा रहे हों। इस मुद्दे पर उनका राजनीतिक-चुनावी दांव इतना बड़ा है कि इससे अब वे किसी तरह पांव पीछे नहीं खींच सकते हैं। लेकिन, यह मुश्किल इतनी अप्रत्याशित है कि वे इसकी कोई उपयोगी काट तक नहीं खोज पा रहे हैं। संघ-भाजपा की ट्रोल सेना ने और मंझले स्तरों तक के उनके नेताओं ने भी, जिस तरह खासतौर पर पुरी तथा ज्योतिर्मठ के शंकराचार्यों के खिलाफ हमला बोल दिया है या जिस तरह मंदिर निर्माण की कमेटी के वाचाल प्रवक्ता, चंपतराय ने राम मंदिर को सिर्फ रामानंदी संप्रदाय का मामला बताकर, शैव संप्रदाय के शंकराचार्यों की उसके संबंध में हर तरह की राय को ही खारिज कर दिया है, उनकी बौखलाहट को ही दिखाता है। उनके दुर्भाग्य से उनकी यह बौखलाहट, हिंदू धार्मिक परंपराओं के अंदर से आने वाली असहमति की आवाजों को दबाने में कामयाब होना तो दूर, वास्तव में कथित प्राण प्रतिष्ठा आयोजन की इस आशय की आलोचनाओं की ही पुष्टिद्द कर रही है कि 22 जनवरी को अयोध्या में जो हो रहा है, धार्मिक आयोजन कम है और संघ-भाजपा का राजनीतिक और वास्तव में चुनावी आयोजन ही ज्यादा है। जाहिर है कि इस बढ़ते एहसास को, केंद्र सरकार और उससे भी बढ़कर भाजपा की राज्य सरकारों को, धर्मनिरपेक्ष शासन के सभी तकाजों को भुलाकर, इस छद्म धार्मिक आयोजन में आधिकारिक रूप से झोंके जाने से नहीं रोका जा सकता है। इतना ही नहीं, 'मंदिर' के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठद्दान में मुख्य यजमान बनने के लिए विशेष धार्मिक 'वैधता' हासिल करने के लिए, प्रधानमंत्री द्वारा गा-बजाकर किया जा रहा ग्यारह दिन का विशेष धार्मिक तैयारी कर्म-कांड भी, संभावित नुकसान की बहुत भरपाई कर पाएगा, ऐसा नहीं लगता है। बेशक, इसका ठीक-ठीक अर्थ यह भी नहीं है कि 22 जनवरी का अयोध्या का आयोजन किसी नजर आने वाले अर्थ में फ्लॉप हो जाने वाला है, फीका पड़ जाने वाला है।

# रामभद्राचार्य श्रीराम के अद्भुत शिल्पकार एवं व्याख्याकार

देश में कितने ही पवित्र संत, गुरु, ऋषियों ने अपने दैवीय शक्ति, आनंद, प्राचीन ग्रंथों के ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान के साथ दुनिया को अलौकिक एवं चमत्कृत किया है, परम सत्ता से साक्षात्कार के लिये अग्रसर किया है। इनमें श्रद्धेय पद्म विभूषण जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज भी हैं, जिन्होंने श्रीरामचरित मानस एवं श्रीमद्भागवतजी का ऐसा प्रचार प्रसार किया और एक ऐसी आध्यात्मिक लहर चलायी है जिसने हर इंसान का जीवन ही बदल दिया है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व उनका अमृत महोत्सव भव्य रूप में आयोजित हो रहा है। टेंट से निकाल कर प्रभु को मन्दिर में प्रतिष्ठापित करने का श्रेय जिन महाशक्तियों को दिया जाता है, उनमें वे अग्रणी है और उनकी भूमिका अस्मिरणीय हैं।

दो वर्ष की आयु से ही नेत्रहीन जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्यजी का नाम हिंदू समाज में बड़े ही आदर सम्मान के साथ लिया जाता है। रामभद्राचार्यजी रामानंद संप्रदाय के चार प्रमुख जगद्गुरुओं में से एक हैं। हिंदू धर्म में साधु-संतों का खास महत्व रहा है। वे एक सच्चे, अद्वितीय और तपस्वी संत हैं, जिन्होंने अपने प्रवचनों और ज्ञान के भंडार से भक्तों को सही मार्ग बताकर उनके जीवन का उद्धार किया है। उन्होंने अपने गहन प्रेम और भक्ति के सहारे न केवल अपने प्रभु श्रीराम एवं बिहारीजी से स्वयं साक्षात्कार किया बल्कि अपने भक्तों को भी उनसे मिलवाया। एक अद्भुत छवि, एक अद्भुत जीवन, एक अद्भुत संत, एक विलक्षण कथावाचक के रूप में उनका जीवन तनावों की भीड़ में शांति का सन्देश है, समस्याओं एवं परेशानियों के बीच मुस्कुराहट का पैगाम है, चंचल चित्त के लिये एकाग्रता एवं प्रभु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण-भक्ति की प्रेरणा है। वे दुनियाभर के कई लोगों के लिए एक आध्यात्मिक नेता और गुरु हैं। विश्व के अनेक राष्ट्रों सहित भारत में उनकी 1275 से अधिक श्रीराम चरितमानस एवं 1115 श्रीमद्भागवत पर कथाएं सम्पन्न हुई हैं। भारतीय वांगमय के लगभग डेढ़ लाख पृष्ठों का लेखन आपने किया है। उनके मस्तिष्क में डेढ़ लाख से अधिक श्लोक रचनाएं रची-बसी हैं। वे एक घंटे में सौ से अधिक श्लोक एवं चौपाइयां बनाने की क्षमता रखते हैं। हिन्दू संस्कृति और आध्यात्मिकता के बारे में उनका ज्ञान लोगों को आत्म-प्राप्ति और सर्वोच्च शक्ति के करीब महसूस करने में मदद करता है। वे अपने मधुर भजनों को सुनाते हैं, तो वह भक्तों को दिव्य शांति और प्रेम (भक्ति) की अनूठी दुनिया में ले जाता है

जगद्गुरु रामभद्राचार्य का जन्म 14 जनवरी 1950 को जौनपुर के उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनका वास्तविक नाम गिरिधर मिश्र है। बचपन में ही आंख जाने के बाद उनके सामने समस्याएं काफी अधिक थीं। लेकिन उन्होंने अपनी शारीरिक विकलांगता को अपनी ताकत बनाया। दादा ने उन्हें प्रारंभिक शिक्षा दी। रामायण, महाभारत, विश्रामसागर, सुखसागर, प्रेमसागर, ब्रजविलास जैसे किताबों का पाठ कराया। विलक्षण प्रतिभा के धनी गिरधर ने महज तीन साल की उम्र में अपनी पहली रचना अपने दादा को सुनाई तो सब दंग रह गए। जब वे पांच वर्ष के हुए तो श्रीमद्भागवत गीता और आठ वर्ष की आयु में श्रीराम चरितमानस को पूरी तरह कठंस्थ कर लिया था। रामभद्राचार्य महान शिक्षक, संस्कृत विद्वान, बहुभाषाविद, महामनीषी, कवि, लेखक, पाठ्य टीकाकार, कथावाचक, दार्शनिक, संगीतकार, गायक, नाटककार के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने संत तुलसीदास के नाम पर चित्रकूट में एक धार्मिक और सामाजिक सेवा संस्थान तुलसी पीठ की स्थापना की। वे चित्रकूट में ही जगद्गुरु





रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के संस्थापक और आजीवन चांसलर हैं। रामानंद संप्रदाय के चार जगद्गुरु में से वे एक हैं। वर्ष 1988 में उन्होंने यह पद धारक हैं। उनकी विलक्षण प्रतिभा एवं दैवीय क्षमताओं का हर कोई कायल है। वे अपने असाधरण कार्यों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया। नेत्रहीन होते हुए भी उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से कई भविष्यवाणियां की जिनमें कई सत्य हुई। वे केवल सुनकर ही सीखते हैं और बोलकर अपनी रचनाएं लिखवाते हैं। उन्होंने अपने विवेक प्रदीप्त मस्तिष्क से, विशाल परिकल्पना से, दैवीय शक्ति से प्रभु श्रीराम के जीवन के अन्तर्रहस्यों का उद्घाटन किया है। आपने जो अभूतपूर्व एवं अनूठी दिव्य दृष्टि प्रदान की है, जो भक्ति-ज्ञान का विश्लेषण तथा समन्वय, शब्द ब्रह्म के माध्यम से विश्व के सम्मुख रखा है, उस प्रकाश स्तम्भ के दिग्दर्शन में आज सारे इष्ट मार्ग आलोकित हो रहे हैं। आपके अनुपम शास्त्रीय पाण्डित्य द्वारा, न केवल आस्तिकों का ही ज्ञानवर्धन होता है अपितु नयी पीढ़ी के शंकालु युवकों में भी धर्म और कर्म का भाव संचित हो जाता है। ऐसा प्रतीत होता है आपका प्रभु से सीधा साक्षात्कार होता रहता है।

जुलाई 2003 में रामभद्राचार्य ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में श्रीराम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद विवाद मामले के अन्य मूल मुकदमा संख्या 5 में धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ गवाह के रूप में गवाही दी । उनके हलफनामे और जिरह के कुछ अंश उच्च न्यायालय के अंतिम फैसले में उद्धृत किए गए हैं। अपने हलफनामे में, उन्होंने रामायण, रामतापनीय उपनिषद, स्कंद पुराण, यजुर्वेद, अथर्ववेद सहित प्राचीन हिंदू ग्रंथों का हवाला दिया, जिसमें अयोध्या को हिंदुओं के लिए पवित्र शहर और श्रीराम की जन्मस्थली बताया गया है। उन्होंने तुलसीदास द्वारा रचित दो रचनाओं के छंदों का हवाला भी दिया, जो उनकी राय में, विवाद के समाधान के लिए प्रासंगिक हैं। पहले उद्धरण में दोहा शतक नामक कृति के आठ छंद शामिल थे, जिसमें मुगल शासक बाबर द्वारा 1528 ईस्वी में विवादित स्थल पर एक मंदिर के विनाश और एक मस्जिद के निर्माण का वर्णन किया गया था, जिसने जनरल मीर बाकी को राम मंदिर को नष्ट करने का आदेश दिया था। जो सनातन धर्मियों द्वारा पूजा का प्रतीक माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट में राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद में रामभद्राचार्य की गवाही सुर्खियां बनी थीं। वेद-पुराणों के उद्धरणों एवं साक्ष्यों के साथ उनकी गवाही का कोर्ट भी कायल हो गया था। श्रीराम जन्मभूमि के पक्ष में वे वादी के तौर पर उपस्थित हुए थे, ऋग्वेद की जैमिनीय संहिता से उन्होंने उद्धरण एवं साक्ष्य दिया था। इसमें सरयू नदी के स्थान विशेष से दिशा और दूरी का बिल्कुल सटीक ब्योरा देते हुए रामभद्राचार्य ने श्रीराम जन्मभूमि की स्थिति बताई थी। कार्ट में इसके बाद जैमिनीय संहिता मंगाई गई। उसमें जगद्गुरु ने जिन उद्धरणों का जिक्र किया था, उसे खोलकर देखा गया। सभी विवरण सही पाए गए। पाया गया कि जिस स्थान पर श्रीराम जन्मभूमि की स्थिति बताई गई, विवादित स्थल ठीक उसी स्थान पर पाया गया। जगद्गुरु के बयान ने फैसले का रुख मोड़ दिया। सुनवाई करने वाले जस्टिस ने भी इसे भारतीय प्रज्ञा का चमत्कार माना। एक व्यक्ति जो देख नहीं सकते, कैसे वेदों और शास्त्रों के विशाल संसार एवं भण्डार से उद्धरण दे सकते हैं, यही ईश्वरीय शक्ति है। रामभद्राचार्य ने श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में विपक्षी दलों द्वारा न आने के मुद्दे पर कहा कि यह ह्यराजनीतिह्न नहीं बल्कि मूर्खनीति है ह्न राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शंकराचार्यों द्वारा उठे सवाल पर भी उन्होंने कहा कि मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों के अनुसार है क्योंकि ह्यगर्भ गृहह्न पूरा हो चुका है।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ऐसी संत-चेतना हैं जो स्वयं प्रभु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण-भक्ति में जागृत हैं और सबके भीतर उस भक्ति की ज्योति जलाने के प्रयास में हैं। उन्होंने अपने जीवन के 75 वर्ष के अमृतकाल में जो कुछ किया, वह न केवल भारत बल्कि दुनिया के लिये अद्वितीय, आश्चर्यकारी, अतुलनीय एवं अनूठा है। उनका जागता पौरुष, ओजस्वी वाणी, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण-जीवन की सूक्ष्मगूढ़ता, करुणा एवं सबके साथ सह-अस्तित्व का भाव सबके अभ्युदय एवं हिन्दू सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अभिप्रेरणा है। अपनी अमृतमयी, धीर, गम्भीर-वाणी-माधुर्य द्वारा भक्ति रसाभिलाषी-भक्तों को, जनसाधारण एवं बुद्धिजीवियों को, भक्ति का दिव्य रसपान कराकर रसासिक्त करते हुए, प्रतिपल निज व्यक्तित्व व चरित्र में श्रीमद् भागवत कथा के नायक श्रीकृष्ण एवं श्रीरामचरितमानस के ब्रह्म श्रीराम की कृपामयी विभूति एवं दिव्यलीला का भावात्मक साक्षात्कार कराने वाले जगद्गुरु रामभद्राचार्य आधुनिक युग के परम तेजस्वी संत हैं, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के व्याख्याकार एवं कथावाचक हैं। वे चलता-फिरता भारतीय आध्यात्मिकता का विश्वकोष हैं। उनकी अद्भुत प्रतिभा, अद्वितीय स्मरण शक्ति और उत्कृष्ट भक्ति जन-जन को प्रेरित करती हैं और करती रहेगी। प्रेषक


**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**


# परिवारवाद की राह पर बढ़ती मायावती

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने पार्टी को युवा नेतृत्व देने के लिये अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बना दिया है। अब उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को छोड़कर बाकी प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद ही संभालेंगे। ब्रिटेन से एमबीए कर चुके 28 वर्षीय आकाश आनंद मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं। मायावती ने उन्हें 2019 में पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया था। तभी से उनके मायावती के उत्तराधिकारी बनने की चर्चा चलती रहती थी।



आकाश आनंद ने पिछले दिनो सम्पन्न हुये राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम, तेलंगाना विधानसभा चुनाव में पार्टी की कमान संभाली थी। मगर वहां बसपा के पक्ष में कोई विशेष हवा नहीं बना पाए। कभी देश में प्रमुख राजनीतिक दल रही बसपा अब अपनी राष्ट्रीय मान्यता बचाने का प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में चंद्रशेखर रावण भी दलित नेता के तौर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसी के चलते मायावती ने बसपा में युवा नेतृत्व देने के लिए अपने भतीजे को मैदान में उतारा है।

कांशीराम ने जब 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी का गठन किया था। तब उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आगे चलकर बसपा परिवारवाद की भेंट चढ़ जाएगी। परिवारवाद से बचने के लिए कांशीराम ने शादी नहीं की थी। मायावती की प्रतिभा देखकर कांशीराम ने उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाया और अपना उत्तराधिकारी बनाया था। कांशीराम के कारण मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बन पाई।

कांशीराम चाहते तो स्वयं मुख्यमंत्री बन सकते थे। मगर वह किंग मेकर की भूमिका में ही रहना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मायावती को आगे बढ़ाया। आज वहीं मायावती अपने भतीजे को पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित कर बसपा को परिवारवाद के रास्ते पर धकेल दिया है। वर्तमान समय में बसपा राजनीतिक रूप से कमजोर पड़ गई है। उनके परंपरागत दलित मतदाता भी छिड़क रहे हैं। ऐसी भी विषम परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए मायावती को किसी युवा नेता की तलाश थी। मगर उन्होंने किसी बाहरी व्यक्ति पर भरोसा करने की बजाय अपने भतीजे को ही अपना उत्तराधिकारी बनाना बेहतर समझा।

हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बसपा का ग्राफ गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है।

पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।

इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली। बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं। मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है।

2022 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी नहीं जीत पायी। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधाक है।

उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे।

उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पांच सीट तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 11 सीट तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने तीन सीट व 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद मायावती ने सपा से चुनावी गठबंधन समाप्त कर एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। 2022 में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट गयी थी।

कांशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। जो अब सिमटने लगा है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों पर बैठ गए थे।

कभी कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। मायावती ना तो भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।


**रमेश सर्राफ धमोरा**
**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**


# प्रभु श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा-देश दुनियां में भक्तों का उत्साह चरम पर

**गोंदिया** – वैश्विक स्तरपर प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी 2024 को एकअलौकिक विश्व दिवस के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि जिस प्रकार की तैयारीयों के जोश का उत्साह देश और दुनियां के भक्तों में चरम पर है उसे देखकर हर कोई हैरान है कि, क्या हम 22 जनवरी 2024 प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से कलयुग से त्रेता युग की और जा रहे हैं, क्योंकि विश्व के कोने-कोने से भक्तगण वीवीआईपी नेता मंत्री महापुरुष युगपुरुष सहित 7000 से अधिक अतिथियों को निमंत्रण पत्र दिए गए हैं, और जिस तरह का माहौल हर दिन केबीतते हुए दूसरे दिन पर पहुंचने के साथ मानवो,भक्तों का उत्साह चरम पर पहुंच रहा है उसे देखकर अच्छे अच्छों को हैरानी हो रही है। मैं 15 जनवरी 2024 को देर रात एक टीवी चैनल पर संत मुरारी बापू से के साथ किया गया एक इंटरव्यू देखा जिसमें संत श्री ने कहा मैं 80 वर्ष की उम्र में अभी तक ऐसा क्षण प्रभु श्री राम के प्रति नहीं देखा जो आज कुछ दिनों से देख रहा हूं उन्होंने कहा निश्चित रूप से हम अब कलयुग से त्रेता युग की ओर जा रहे हैं,यह सुनकर मुझे बहुत खुशी हुई आगे उन्होंने कहा 24 जनवरी से 1 मार्च 2024 तक उन्हें अयोध्या में राम कथा के लिए समिति प्रमुख ने खुद आमंत्रित किया है। बता दें कि युगों की अभी चार श्रेणियां है सतयुग, त्रेता युग, द्वापर युग और अभी जो चल रहा है वह कलयुग है। आर्टिकल के साथ संलग्न इमेज में तस्वीरों के साथ इन चारों युगों में मानवीय श्रेणी को समझाया गया है। अयोध्या में विराजने वाले प्रभु श्री राम निर्बलों के बल ही नहीं, आराध्या और आदर्श भी हैं। श्री राम का चरित्र त्रेता युग से लेकर आज के मानव के लिए समान रूप से प्रेरणाप्रद है, इसीलिए तो प्रभु श्री राम भारत की आत्मा प्राण और उपास्य हैं। हमें प्रभु श्री राम का त्रेता युग के रामचरितमानस एवं श्री भागवत गीता सहित सभी धर्म ग्रंथो में भगवान के अवतार का उल्लेख मिलता है ।जब जब धर्म की हानि होती है पृथ्वी पर अनाचार बढ़ता है, तब तब कोई दिव्य शक्ति प्रकट होती है और धर्म अनुसार विधिक जीवन जीने के लिए उद्यम करती है। हमें ग्रंथों की इस उद्घोषणा को समाज की सबसे छोटी इकाई के रूप में हर मनुष्य अपने ही जीवन काल को सतयुग, त्रेता युग, द्वापर युग तथा कलयुग के दायरे में लेकर उसे परगहरी नजर डाले तो, सभी युगों में धर्म पूर्ण जीवन के दुष्यंत तथा अवतार की अवधारणा बहुत अधिक स्पष्ट हो जाएगी। चूंकि 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे 22 जनवरी 2024 से अब सतयुग से त्रेता युग की ओर चलें। यह आर्टिकल मान्यताओं पर और मीडिया में उपलब्ध जानकारी पर आधारित है इसकी सटीकता की गारंटी नहीं है।

साथियों बात अगर हम त्रेता युग थीम पर सज रही अयोध्या नगरी की करें तो, 22जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी हैं ।अयोध्या भगवान राम की पावन जन्मस्थली के रूप में हिन्दू धर्मावलम्बियों के आस्था का केंद्र है। यही वजह है कि राम मंदिर की उद्घाटन के लिए अयोध्या नगरी को भव्य रूप दिया जा रहा है ।इसी कड़ी में सामने आई है जानकारी के अनुसार राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या नगरी को त्रेतायुग थीम से सजाया जा रहा है। श्रीराम के काल में त्रेतायुग कैसा था? श्रीराम के स्वागत के लिए अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है ।अयोध्या की चौक चौराहे से लेकर मठ मंदिर सड़क सबको लाइट से जगमग किया जा रहा है ।सड़कों के किनारे लग रहे सूर्य स्तंभ भगवान राम के सूर्यवंशी होने के प्रतीक को दशार्ते हैं। महायज्ञ के लिए 1008 कुंड बनाए गए हैं ।राम लला की प्रतिष्ठा के दिन दीपों से पूरी अयोध्या रौशन होगी, ये बिल्कुल वैसे ही होगा जब श्रीराम चंद्र 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अपनी नगरी लौटे थे, तब उनका स्वागत किया गया था ।राम मंदिर के दरवाजों को सोने से जड़ा जाएगा और इनपर खूबसूरत नक्काशीदार डिजायन की गई है। इन दरवाजों पर वैभव का प्रतीक गज यानी हाथी, सुंदर विष्णु कमल, स्वागत मुद्रा में देवी प्रतिमाएं चित्रित की गई हैं। मंदिर को नागर शैली पर बनाया गया है, जिसमें लोहे और सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया जाता ।जलेसर में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के लिए बनाया गया घंटा अयोध्या पहुंच चुका है। 2400 किलो वजन का घंटा अष्टधातु से निर्मित है। घंटा अष्टधातु का है,जिसमें पीतल, कांस्य, तांबा, एल्मूनियम, लोहा, स्वर्ण, चांदी और जस्ता शामिल हैं। एक निश्चित मात्रा में इन अष्टधातुओं का उपयोग किया गया है। तो वहीं हनुमान गढ़ी लड्डू सदियों से प्रसिद्ध है. इस लड्डू को लोग दूर-दूर तक खरीदकर अपने साथ ले जाते हैं। हनुमानगढ़ी लड्डू से जुड़ी खासियत यह है कि इसे बनाने के अलग-अलग तरीके हैं लेकिन यह हर किसी को पसंद आता है। साथियों बात अगर हम त्रेता युग की करें तो, त्रेतायुग कैसा था ? शास्त्रों में चार युग वर्णन है। सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग और कलियुग। जब त्रेतायुग का आरंभ सतयुग की समाप्ति के बाद हुआ, इसे सनातन धर्म का दूसरा युग माना जाता है। त्रेतायुग 12 लाख 96 हजार वर्ष का था। त्रेतायुग में धर्म और कर्म का पालन किया जाता था। त्रेतायुग में अधर्म का नाश करने के लिए भगवान विष्णु ने तीन अवतार लिए थे, वामन अवतार, परशुराम अवतार और श्रीराम अवतार।

# फिर मोदी सरकारः दीवार लेखन का शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी नगर के शक्ति केंद्र कपसेठी में बूथ संख्या 265 में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने एक बार फिर, मोदी सरकार के नारे को बढ़ावा देने को आगामी लोकसभा चुनाव को दीवार लेखन की शुरूआत की।

मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने दीवार लेखन का शुभारम्भ करते हुए कहा कि पूरे जिले व मंडल सभी शक्ति केंद्र, सभी बूथ में पांच जगह दीवार लेखन किया जाएगा। सभी जनप्रतिनिधि एवं मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी दीवार लेखन कार्य की शुरूआत करेंगे। एक बार फिर मोदी सरकार के नारे के साथ दीवार लेखन शुरू हो गया है। दीवार लेखन अभियान आज शुरू हुआ। कोशिश जारी है कि जनता



दीवार लेखन करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

हमारे साथ फिर जुड़ेगी। अभियान को कार्यकर्ता सफल बनाए। ये भाजपा की नागरिकों से अपील है कि 2024 में पीएम मोदी की अगुवाई में भाजपा फिर से जीत हासिल करे। बीजेपी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास से देश को आगे ले जाएगी। इस मौके पर जिला महामंत्री आलोक पांडेय, पूर्व जिला महामंत्री तीरथ तिवारी, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, सुरेश अनुरागी, अंकित पांडेय, घनश्याम पटेल, देवेंद्र कुमार, ऋषभ शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल के लिपिक हो गये निरंकुश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल के लिपिक निरंकुश हो गये हैं। जिला अस्पताल खुलने के बाद भी कार्यालय नहीं खोलते। स्टाफ रजिस्टर लेने को इधर-उधर कर्मचारी घूमते रहे। जिला अस्पताल के हाल-बेहाल का खुलासा मंगलवार को हुआ। बताया गया कि जिला अस्पताल के लिपिकों की निरंकुशता से सरकारी कामकाज बाधित हो रहा है। एक बजे से ज्यादा का समय होने के बाद भी, कार्यालय नहीं खुला। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने बताया कि कई बार चेतवानी देने के बाद भी लिपिकों में सुधार नही हो रहा। नोटिस लेने से भी लिपिक मना कर रहे हैं। लिपिकों की बाबत सीएमएस शासन को भी पत्र लिख चुके हैं। शासन से अभी तक लिपिकों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। इससे जिला अस्पताल के लिपिकों की मनमानी से जिला अस्पताल के कर्मचारी परेशान हैं।

# सोलर पम्प लेने को किसान करें आवेदनः डीडीए कृषि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उपकृषि निदेशक राज कुमार ने बताया कि सिंचाई लागत कम करने, विद्युत रहित क्षेत्र में डीजल पम्प व सिंचाई के अन्य साधनों के स्थान पर सोलर पम्प से सिंचाई को बढ़ावा देने की गरज से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना लागू की गयी है।

मंगलवार को डीडीए कृषि राजकुमार ने बताया कि पीएम किसान/पारदर्शी किसान सेवा योजना में दर्ज किसान पहले आओ-पहले सोलर पम्प पाओ के आधार पर विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन टोकन पांच हजार रुपये जमाकर बुकिंग कर सोलर पम्प का लाभ ले सकते हैं। इस साइट पर ऑनलाइन बुकिंग संचालन 16 जनवरी से शुरू है। ऑनलाइन


डीडीए कृषि राजकुमार।

टोकन जनरेट करने के बाद किसान को चालान से कृषक अंश की धनराशि एक सप्ताह के भीतर किसी भी इंडियन बैंक शाखा में जमा करानी होगी। अन्यथा चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा। प्रतीक्षारत सूची में अगले किसान को मौका मिलेगा। सोलर पम्प योजना लेने को किसान भाई के पास तीन एवं पांच एचपी को छह इंच व साढे सात एवं दस एचपी को आठ इंच बोरिंग होना अनिवार्य है। 150 फिट तक की गहराई पर उपलब्ध जल स्तर को तीन एचपी, दो सौ फिट गहराई को पांच एचपी, तीन सौ फिट तक गहराई को साढे सात व दस एचपी के सोलर पम्प उपयुक्त रहेगा। उन्होंने बताया कि जिले के किसान भाई प्रकिया अपनाकर सोलर पम्प ले सकते हैं।

## सीआईसी प्रधानाचार्य पर एससी-एसटी दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के शत्रुघ्नपुरी पासी मोहल्ला के शौर्य बौरिया पुत्र सालिगराम की तहरीर पर पुलिस ने सीआईसी के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह चैहान व विनय त्रिपाठी पर एससी-एसटी का मामला दर्ज कर लिया है।

ये मामला पुलिस ने 14 जनवरी को दर्ज किया है। बताया गया कि शौर्य बौरिया की तहरीर पर दर्ज मुकदमे से अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्रा संतुष्ट नही है। उन्होंने कहा है कि अदालत में मामले में धारायें बढाने की अपील की जायेगी। शौर्य बौरिया के मामले में कोतवाली कर्वी पुलिस ने रणवीर सिंह को बचाते हुए धारायें लगाई हैं। अधिवक्ता ने कहा कि शौर्य बौरिया को झूंठे मामले में फंसाने व कैरियर बर्बाद करने की धमकी प्रधानाचार्य ने दी है। तहरीर में इस बात का उल्लेख भी है, फिर भी पुलिस ने धारायें नहीं बढाई। उन्होंने व शौर्य बौरिया की मां ने कहा कि धारायें बढवाने को अदालत में अपील की जायेगी। पहले भी पुलिस ने इस मामले को दर्ज करने में आनाकानी की थी। अदालत की पहल पर 156(3) के तहत पुलिस ने शौर्य बौरिया की तहरीर पर महज एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्जकर मामले की इतिश्री की है।

# डीएम ने तरौंहा मन्दाकिनी पुल की जांची गुणवत्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तरौंहा-गोबरिया-दिव्यांग विश्वविद्यालय मार्ग पर मंदाकिनी नदी में निमार्णाधीन पुल का औचक निरीक्षण कर परियोजना प्रबंधक सेतु निगम अरुण कुमार गुप्ता को निर्देश दिए कि मिट्टी भराई की फिनिशिंग अच्छे ढंग से करायें।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने पुल निर्माण की गुणवत्ता जांचने को नमूना लेकर लैब में भेजकर जांच कराने को कहा। उन्होंने एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ की टीम से मौके पर गुणवत्ता की जांच कराई। जिलाधिकारी ने परियोजना


तरौंहा पुल का मुआयना करते डीएम आदि।

प्रबंधक क्षेत्र निगम को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार गुणवत्ता से निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर करायें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में कोई अनियमितता नहीं होनी चाहिए। ये पुल शासन की प्राथमिकता में है। इस क्षेत्र का जल्द विकास कराया जायेगा।

# कानपुर का काला बच्चा तो नहीं बन रहा नत्थू सोनकर

## तीर्थक्षेत्र को कलंकित करने में है भूमिका

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गुंडई-दबंगई ऐसी कि 1990-91 का कानपुर का काला बच्चा भी शर्मा जाये, फिर भी कानपुर का काला बच्चा बनने का ख्वाब सजाये सीतापुर रैनबसेरा के सामने रहने वाले नत्थू सोनकर पुत्र मइयादीन सोनकर पर तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा संगीन अपराधों के मामले दर्ज होने के बाद भी पुलिस उसका बाल-बांका नहीं कर रही। उस पर गैंगेस्टर एक्ट समेत सरकारी कार्य में दखल, बलबा, दंगा, जान से मारने की धमकी आदि मामले कर्वी कोतवाली व सीतापुर चैकी में


नत्थू सोनकर।

दर्ज हैं।

ये खुलासा मंगलवार को हुआ। बताया गया कि सीतापुर रैनबसेरा में गुंडई-दबंगई के जोर पर विभिन्न प्रांतों की आने वाली बसों से अवैध वसूली का गिरोह नत्थू सोनकर चला रहा है। पर्यटकों से पांच सौ से हजार रुपये अवैध ढंग से वसूली करने वाले सोनकर कानपुर के काला बच्चा बनने का ख्वाब सजाये है। आतंक इतना कि मजाल है कोई चूं कर सके। पर्यटकों को अपने स्तर से रामायण मेला सामने स्थित पटेल धर्मशाला में ठहराकर सती अनुसुइया, हनुमान धारा, गुप्त गोदावरी के दर्शन कराने के नाम पर चारपहिया वाहनों को मंगाकर मानक दर से अधिक में घुमाता है। पर्यटकों के चूं-चपड करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी से बाज नहीं आता। तीर्थक्षेत्र को जिस ढंग से कलंकित कर रहा है, पर्यटक दुबारा न आने की कसम खाकर जाते हैं।

नत्थू सोनकर का भाई लवलेश सोनकर रामायण मेला के सामने गुमटियों में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम करता है। जिला प्रशासन ने नत्थू सोनकर व लवलेश सोनकर पर रासुका के तहत कार्यवाही न की तो तीर्थक्षेत्र में लोग आना बन्द कर देंगे। यहां तक कि तीर्थक्षेत्र की छवि धूमिल करने की बात पुलिस भी मानती है, फिर भी उस पर कोई कार्यवाही न होना स्वतः में लोगों को चैंकाता है।

# पालिका क्षेत्र में समस्याओं का होता तत्काल निस्तारणः अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी में नगरीय समाधान दिवस पर अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने नगरवासियों की समस्यायें सुनी। संबंधित को निराकरण को भेजा। ईओ लालाजी यादव ने बताया कि नगर पालिका कर्वी ही ऐसी निकाय है, जहां नगरीय समाधान दिवस होता है।

मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने नगरवासियों की पानी, बिजली, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास आदि लोगों की समस्यायें सुनी। तत्काल निदान को मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये। अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शासन की मंशानुसार नगर


जनता की समस्यायें सुनते अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता।

पालिका में नगरीय समाधान दिवस करने का फैसला लिया है। शासन से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया जा रहा है। आज समाधान दिवस में बिजली व आवास की समस्यायें आईं। प्रकाश व्यवस्था, नाली सफाई, सड़क निर्माण, जल निकासी, विद्युतीकरण के निराकरण को अधिकारियों को निर्देशित किया। जन समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता है। समाधान दिवस में वार्ड मेम्बर शंकर यादव, अनुज निगम, पवन बद्री, विनीत पयासी, नीलम बृजेंद्र शुक्ला, शुभम केसरवानी, ओमकार यादव, राजकमल वर्मा, मो लतीफ उर्फ शहजादे, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडे, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, सुभाष गुप्ता, अशरफ खान, ज्ञानचंद गुप्ता, सुरेश राम, लवकुश प्रसाद, रवि, ज्ञानेंद्र कौशल, संजय गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, अंकित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## स्वयं सेवकों ने की सफाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शासन की कार्य योजना अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने सफाई अभियान चलाया। महाविद्यालय परिसर के आस-पास फैले हुए पालीथिन व कचरे को चुनकर नष्ट कराया।

मंगलवार को महाविद्यालय प्राचार्य डा विनय कुमार चैधरी ने स्वयं सेवकों को स्वच्छता के महत्व के बारे बताया। साफ सुथरे परिवेश से जीवन में सकारात्मकता का विकास होता है। स्वास्थ्य में स्वच्छता के कारक महत्वपूर्ण होते है। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा हेमंत कुमार बघेल, डा गौरव पांडेय ने स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया। कहा कि आदर्श समाज की नींव स्वच्छ परिवेश से संभव है। अपने शरीर की सफाई करते हैं, वैसे ही अपने आसपास परिवेश को साफ सुथरा रखना चाहिए।

# सूरजकुंड में हुआ दीपोत्सव-पूजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामलला प्रतिष्ठापन को लेकर प्रभु श्रीराम की कर्मभूमि में 22 जनवरी तक 22 स्थानों पर दीपोत्सव के तहत सूरजकुंड में दीपदान, पूजन-कीर्तन हुआ।

मंगलवार को मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास व बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह की अगुवाई में सूरजकुंड में 1958 से अखंड रामनाम कीर्तन जारी है। मंदाकिनी नदी में भगवान सूर्य का रथ उतरा था, अथाह कुंड बना है। स्थान का नाम सूरजकुंड पडा। यहां दीपोत्सव हुआ। प्रभु श्रीराम-लक्ष्मण व जानकी की आरती की। अखंड रामनाम कीर्तन कमरे की आरती व पूजन हुआ। सूरजकुंड आश्रम के महंत रामबदन दास महराज ने बताया कि सनातन धर्म की चहुंओर जय-जयकार है। 22 जनवरी सभी


दीपोत्सव व पूजन करते भक्तगण।

के लिए उत्साह व उमंग लाई है। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि अब हमेशा देश में दो बार दीपावली मनाई जायेगी। पहली दशहरा व दूसरी 22 जनवरी को। इस मौके पर धर्मदास, रामदास, शिवकुमारदास, रामसेवकदास, प्रदीप द्विवेदी, अंकित पहारिया, रामजी शुक्ला, पुष्पराज विश्वकर्मा, जगरूप पाठक समेत भक्तजन मौजूद रहे।

# सभापुर ने राजापुर को 70 रन से हराया

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** स्व भागवत प्रसाद स्मरणीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ सभापुर व राजापुर के बीच गोस्वामी इंटर कालेज छीबों के खेल मैदान में हुआ।

मंगलवार को सभापुर टीम ने 16 ओवर में 181 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य पाने को राजापुर टीम 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सभापुर टीम के आलोक सिंह ने 78 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पूर्व सभापति कृषि उत्पादन मंडी समिति मऊ कामता प्रसाद मिश्रा ने किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में एम्पायर धीरज दुबे, सोनू याज्ञिक ने भूमिका निभाई।

# विधायक की पहल पर भी भैसौंधा में नहीं खुलेगा कालेज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा विधायक अनिल प्रधान की पहल के बाद भी सूबे की सरकार की उच्च शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा है कि भैसौंधा में राजकीय इंटर कालेज की स्थापना सम्भव नहीं है।

ज्ञात है कि सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा में नियम 301 के तहत एक दिसम्बर 2023 को भैसौंधा में राजकीय इंटर कालेज खोलने की मांग की थी। सूबे की उच्च शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा कि अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक शिक्षा ने शिक्षा की आख्यानुसार सात से दस किमी की दूरी पर इंटरमीडिएट की शिक्षा व्यवस्था न होने पर ही इंटरमीडिएट कक्षाओं की स्थापना हो सकती है।


सदर विधायक अनिल प्रधान।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि भैसौंधा के नजदीक शिवरामपुर में दस किमी की दूरी पर परम विद्या मन्दिर इंटर कालेज, राजकीय हाईस्कूल शिवरामपुर व श्री लैनाबाबा इंटर कालेज शिवरामपुर है। ऐसे में संबंधित क्षेत्र में राजकीय इंटर कालेज की स्थापना सम्भव नहीं है।

## 14 फरवरी तक चलेगा सडक सुरक्षा अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन विवेक शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा 15 जनवरी से 14 फरवरी तक परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, सम्भागीय प्राविधिक निरीक्षक गुलाब चन्द्र, यात्रीकर/मालकर अधिकारी डा सन्तोष कुमार तिवारी ने कालूपुर पाही व ट्रैफिक चैराहा में सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ किया।

मंगलवार को यातायात पुलिस के सहयोग से दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीटबेल्ट के प्रति जागरूक किया। सोशल मीडिया व अन्य आम जनता को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति बडे पैमाने पर प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने लोगों से कहा कि यातायात नियमों का पालन कर अपनी सुरक्षा करें।

# सबको नहीं मिलता भगवत कथा सुनने का सौभाग्य

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ ब्लाक के भटगंवा बोझ गांव में हनुमान आश्रम में श्रीमद्भागवत महापुराण के चैथे दिन कथा व्यास दुर्गादत्त शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा का विस्तार से वर्णन किया।

मंगलवार को कथा व्यास ने कहा कि श्री मद्भागवत महापुराण में वर्णन है कि भगवान श्रीकृष्ण ने पुत्र प्राप्ति की कामना से रुक्मिणी से 12 वर्ष तक ब्रम्हचर्य ब्रत करते हुए अष्टांग योग का पालन कर अनिरुद्ध जैसे कीर्तिवान पुत्र की प्राप्ति की। हमारा धर्म धारण करने की विषय वस्तु है, अनुसरण करने वाले की धर्म रक्षा करता है। इसके बाद भी लोग धर्म का वरण करने से बचते हैं, जो चिंता का विषय है। भगवत कथा में कथा व्यास ने वेद वेदांग, उपनिषद, राम चरितमानस, बाल्मीकि रामायण व महाभारत के उदाहरण देते हुए कथा का अमृत पान कराया। कहा कि सबको इसे सुनने का मौका नहीं मिलता। इस दौरान अथर्व पांडे का उपनयन संस्कार भी हुआ।


कथा सुनते श्रोता।

पूर्व विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला, समाजसेवी मोहन शुक्ल, पूर्व प्रमुख मंझनपुर शेषनारायण करवरिया आदि मौजूद रहे। यजमान रीता पांडे व भगवती प्रसाद पाण्डेय रहे।

## 21 को होगा सीएम सामूहिक विवाह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह 21 जनवरी को रामायण मेला परिसर सीतापुर में निर्धारित है। मंगलवार को उन्होंने बताया कि योजना के पात्र जोड़ों का चयन कर आवेदकों के आनलाइन पोर्टल से स्वचालित संदेश भेजे जा रहे हैं। जिन आवेदकों को संदेश हो, उन सभी वैवाहिक जोडों से कहा कि विवाह सम्पन्न कराने को परिजनों समेत 21 जनवरी को सवेरे आठ बजे रामायण मेला परिसर सीतापुर में पहुंचें। वर-वधू को देने वाले कपड़े व अन्य सामग्री परिसर से प्राप्त कर लें। अधिक जानकारी को संबंधित ब्लाक, नगर निकाय व जिला समाज कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

# नेपाल के जनकपुरधाम का जानकी मंदिर परिसर 22 जनवरी को सवा लाख दीपों से होगा जगमग



**काठमांडू।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी हो रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उनके ससुराल नेपाल के जनकपुरधाम स्थित जानकी मंदिर परिसर में सवा लाख दीप जलाए जाने की तैयारी है।

जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंथ रामरोशन दास ने मंगलवार को बताया कि जानकी मंदिर परिसर में सवा लाख दीप जलाने की तैयारी है। विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से जानकी मंदिर में सवा लाख दीप जलाए जाएंगे। मंदिर प्रबंधन की तरफ से 22 जनवरी को विशेष पकवान बनाया जाएगा जिसे प्रसाद के रूप में सम्पूर्ण जनकपुरवासियों के घर वितरण किया जाएगा। जानकी मंदिर के महंथ रामरोशन दास ने समाज के सभी लोगों से अपील की है कि वो 22 जनवरी की शाम को अपने-अपने घरों को दीपों से रौशन करें। महंथ ने कहा है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना ना सिर्फ जनकपुरवासियों के लिए बल्कि सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र के लिए विशेष आनंद का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्सव ऐसा होना चाहिए जैसे कि दीपावली के समय करते हैं।

# मालदीव : भारत 15 मार्च तक अपने सैनिक हटाए




भारत और मालदीव के बीच जारी तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है. इस बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुईज ने अपने देश में तैनात 89 भारतीय सैनिकों को 15 मार्च तक वापस बुलाने को कहा है. भारत मालदीव को अपने प्रभाव क्षेत्र में मानता है, लेकिन मालदीव अपने सबसे बड़े बाहरी ऋणदाता चीन की ओर ज्यादा करीब जाता दिख रहा है.

राष्ट्रपति मोहम्मद मुईज के एक शीर्ष सहयोगी ने रविवार को कहा कि मालदीव में भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान मार्च की समय सीमा तय की गई. राष्ट्रपति मुईज लंबे समय से भारतीय सैनिकों की वापसी की मांग करते आ रहे हैं. मुईज ने राष्ट्रपति चुनाव में भी इसे मुद्दा बनाया था.

मालदीव में भारतीय सेना तैनात है

राष्ट्रपति कार्यालय में पब्लिक पॉलिसी सचिव अब्दुल्ला नाजिम इब्राहिम ने रविवार को बताया कि मोहम्मद मुईज ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लिए कहा है जिनकी अनुमानित संख्या 89 है.

पिछले साल 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद मुईज ने औपचारिक रूप से भारत से भारतीय सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने का अनुरोध किया था. उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए "मजबूत जनादेश" दिया है. मालदीव में भारतीय सेना की एक छोटी सी टुकड़ी है. कुछ टोही विमानों के साथ यह टुकड़ी हिंद महासागर पर नजर रखती है. इसमें करीब 89 लोग हैं. मुईज चुनाव पहले से ही भारतीय सेना की इस टुकड़ी को देश बाहर करने का वादा करते हैं. भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि रविवार को राजनयिकों ने इस बात पर चर्चा की थी कि भारतीय हवाई परिचालन को जारी रखने की अनुमति देने के लिए "पारस्परिक रूप से व्यावहारिक समाधान" कैसे खोजा जाए. विदेश मंत्रालय ने कहा कि बातचीत का एक और दौर आयोजित किया जाएगा।

# उत्तरी गाजा में हमास के सैन्?य ढांचे को किया ध्वस्त : इजरायली रक्षा मंत्री



**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने दावा किया कि सेना ने उत्तरी गाजा में हमास आतंकवादी समूह की पूरी सैन्य बटालियन की रूपरेखा को नष्ट कर दिया है।

सोमवार देर रात एक बयान में, गैलेंट ने कहा कि हालांकि इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) उत्तरी गाजा में अपनी कार्रवाई को धीमा कर रहा है, लेकिन सेना आतंकवादी समूह के प्रभाव और प्रतिरोध के क्षेत्रों को खत्म करना जारी रखेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि शेष आतंकी ढांचे को नष्?ट करने के लिए छापे, हवाई हमले, विशेष अभियान आदि जारी रहेंगे।

गैलेंट ने आगे कहा कि सेना मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में अपने गहन अभियान जारी रखेगी और साथ ही रामल्ला क्षेत्र में भी अभियान का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईडीएफ मध्य गाजा में हमास के सैन्य उद्योग को नष्ट कर रहा है जहां आतंकवादी संगठन रॉकेट, आईईडी और अन्य विस्फोटकों के उत्पादन में लगा हुआ था।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी में बड़ी प्रगति की है और वह आतंकवादी समूह के वरिष्ठ नेतृत्व को नष्ट करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो कथित तौर पर खान यूनिस क्षेत्र में छिपे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आईडीएफ द्वारा की गई गहन सैन्य कार्रवाई के कारण ही आतंकी संगठन मध्यस्थता की मेज पर आया और कहा कि एक बार गोलाबारी बंद हो जाने के बाद, बंधकों को दुनिया भूल जाएगी और वे वहीं कैद रहेंगे।

गैलेंट ने कहा कि आईडीएफ का 162वां डिवीजन उत्तरी गाजा में रहेगा, हमास के बुनियादी ढांचे का पता लगाने और उसके शेष गुर्गों को मारने या पकड़ने के लिए अभियान चलाएगा।

# जापान के न्यू चिटोज हवाई अड्डे पर 2 यात्री विमान टकराए, कई उड़ानें रद्द




**टोक्यो।** देश के उत्तरी हिस्से में साप्पोरो शहर से लगभग 110 मील पूर्व में होक्काइडो के न्यू चिटोज हवाई अड्डे पर स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 5:30 बजे दो विमान आपस में टकरा गए।कोरियन एयर के विमान ने कैथे पैसिफिक विमान को टक्कर मार दी, लेकिन इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

जापान के राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि होक्काइडो में हवाईअड्डे पर कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और कुछ समय तक व्यवधान जारी रहने की आशंका है।

हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार कोरियाई एयर के विमान और कैथे पैसिफिक विमान के बीच ह्यसंपर्कह्ल था, लेकिन इस समय यह स्पष्ट नहीं है कि विमानों के बीच टक्कर कितनी गंभीर थी।

अग्निशमन विभाग के अनुसार कोरियन एयर के विमान ने कैथे पैसिफिक विमान को टक्कर मार दी, जो दुर्घटना के समय गेट पर खड़ा था और उसमें कोई यात्री नहीं था। कोरियन एयर के विमान में 276 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मौसम की रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि जापान के उत्तरी हिस्से में दृश्यता वर्तमान में खराब है। कुछ क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की सूचना दी गई है और दुर्घटना के समय न्यू चिटोज हवाई अड्डे पर तापमान सिर्फ 24 डिग्री से नीचे है। इससे पहले 2 जनवरी को टोक्यो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर 2 विमान आपस में टकरा गए थे। 367 यात्री और चालक दल के 12 सदस्यों वाले यात्री विमान के उतरने के दौरान रनवे पर तटरक्षक विमान से टकराने के बाद ये हादसा हुआ था। दुर्घटना के बाद यात्री विमान चंद घंटों के अंदर ही पूरी तरह जलकर राख हो गया था। हालांकि, इसके सभी यात्री सुरक्षित बच गए, लेकिन तटरक्षक विमान में सवार 5 कर्मचारी मारे गए थे।

# भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों में नया अध्याय : उच्चायुक्त



**ढाका।** बांग्लादेश के नवनिर्वाचित विदेश मंत्री हसन महमूद के साथ एक बैठक के दौरान, भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का एक नया अध्याय खुल गया है। संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक करीब से काम करेंगे।

बैठक सोमवार को ढाका में विदेश मंत्रालय में हुई। प्रणय वर्मा ने पत्रकारों को बताया, "मैं यहां नये विदेश मंत्री से शिष्टाचार भेंट करने आया हूं। मैंने उन्हें और हमारे विदेश मंत्री की ओर से भी बधाई दी है। विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। हम अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक निकटता से काम करेंगे।"

भारतीय उच्चायुक्त ने आगे कहा कि उनकी चर्चा पिछले दशक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में हासिल की गई प्रगति और सफलताओं पर केंद्रित थी।

पिछले 10 वर्षों में हमारे द्विपक्षीय संबंध घनिष्ठ स्थिति में पहुंच गए हैं। उन मुद्दों पर चर्चा हुई जिन पर हम भविष्य में विचार कर सकते हैं।

जलवायु मुद्दे पर हम 2041 तक स्मार्ट बांग्लादेश बनाने की बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की योजना में सहयोग कर सकते हैं। नई अवामी लीग सरकार के साथ काम करने में भारत की रुचि व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, "हमें उम्मीद है कि नई सरकार के तहत हमारी साझेदारी फलेगी-फूलेगी, जो दोनों पक्षों के राष्ट्रीय हितों के लिए अनुकूल होगी। हम बांग्लादेश के लोगों के साथ सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार हैं।"

देश में पिछले तीन राष्ट्रीय चुनावों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री हसन महमूद ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश में लोकतांत्रिक निरंतरता बनाए रखने के लिए लगातार अपना समर्थन दिया है।

2014 में जब चुनाव को लेकर कई साजिशें चल रही थीं, तब भारत हमारे साथ खड़ा था। 2018 में चुनाव को विवादास्पद बनाने के साथ-साथ इसे लेकर कई सवाल भी उठाने की कोशिशें हुईं, भारत तब भी हमारे साथ था। इस बार लोकतांत्रिक निरंतरता बनाए रखने के लिए चुनाव कराने पर भारत का रुख क्या था या है, यह आप सभी जानते हैं।

नवनियुक्त विदेश मंत्री ने भारत की अपनी पहली विदेश यात्रा करने में भी रुचि व्यक्त की। संभावित तारीख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें भारत से आमंत्रित किया गया है। दोनों पक्ष दोनों विदेश मंत्रियों के लिए उपयुक्त समय खोजने पर काम कर रहे हैं।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


# हैरी शिंडलर का संघर्ष रंग लाया, विदेश में रह रहे 30 लाख ब्रिटिश नागरिकों को वोट डालने का अधिकार वापस मिला



**लंदन।** पंद्रह वर्ष से अधिक समय से विदेश में रह रहे करीब 30 लाख ब्रिटिश नागरिकों को चुनाव अधिनियम, 2022 लागू होने के बाद ब्रिटेन के आम चुनाव और जनमत संग्रहों में वोट करने का अधिकार वापस मिल गया। इसी के साथ हैरी शिंडलर का दो दशक का कानूनी संघर्ष समाप्त हो गया। हालांकि वह इस पल के साक्षी नहीं बन सके। वह दुनिया से रुखसत कर चुके हैं।

द गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार, 16 जनवरी से मतदान अधिकार पर 15 साल की मनमानी सीमा रद्द हो गई है। दुनियाभर में रह रहे ब्रिटिश नागरिक अब ऑनलाइन मतदान करने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। भले ही वे कितने भी समय से विदेश में क्यों न हों।

इस कानून के लागू होने के साथ ही ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी के विदेश में रह रहे सदस्यों और समर्थकों के वैश्विक नेटवर्क 'कंजरवेटिव्स अब्रॉड' की अगुवाई में चल रहे अभियान 'वोट्स फॉर लाइफ' का समापन हो गया है। ब्रिटिश मंत्री माइकल गोव ने कहा, ' अब दुनियाभर में रहे ब्रिटिश नागरिक भविष्य में होने वाले आम चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। देश के शासन के प्रति अपनी राय जता सकते हैं।'

द गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार, पुराने कानून में बदलाव ने ब्रिटेन को अमेरिका, फ्रांस, इटली और कनाडा सहित अन्य प्रमुख लोकतांत्रिक देशों की पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इस अभियान के सह अध्यक्ष जेन गोल्डिंग ने कहा है कि यह ऐतिहासिक बदलाव है। इसके लिए हैरी शिंडलर ने कड़ी मेहनत की। वह यह लड़ाई जीत तो गए पर उसे देखने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट के अनुसार मतदान, इस बारे में कानून पिछले साल 18 दिसंबर को पारित हुआ। हैरी शिंडलर ने 2016 में उच्च न्यायालय में मतदान के अधिकार पर 15 साल की सीमा को चुनौती दी थी। इसके बाद 2018 में इस मसले को यूरोपीय न्यायालय में ले गए थे।